




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 303 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 04 अगस्त 2025 डाक 05 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

अखल में वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ के बीच सुरक्षाकर्मी सतर्कता बरत रहे हैं





**देश-विदेश**

बिहार में उफान मार रही गंगा... भागलपुर में खतरे के निशान के पार, निचले इलाकों में बाढ़ का कहर





**कोरिया पेज**

दूरस्थ क्षेत्रों में विकास की नई मिसाल बना बैकुंठपुर ब्लॉक




# झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन सर गंगाराम अस्पताल में ली अंतिम सांस



**रांची, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका डेढ़ महीने से इलाज चल रहा था। शिबू सोरेन को किडनी संबंधी समस्याओं के चलते जून के आखिरी हफ्ते में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिता के निधन की जानकारी एक्स पर दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा, आज मैं खाली हाथ हूँ। आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूँ... गुरुजी ने न केवल झारखंड में, बल्कि पूरे देश में सामाजिक न्याय के लिए अनगिनत लड़ाइयाँ लड़ीं। उनकी कमी हमेशा खलेगी।

पीएम मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कई अन्य प्रमुख नेताओं ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर कहा, ...हम सभी के लिए यह बहुत दुखद सूचना है। परिवारजनों के प्रति हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। झारखंड में उनके समर्थकों और झामुमो कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को हजारीबाग के नेमरा गांव में हुआ था। उनके निधन को झारखंड की राजनीति में एक युग का अंत माना जा रहा है। उनका पैतृक गांव रामगढ़ के नेमरा गांव है। भाजपा नेता रोशन लाल चौधरी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर कहा, ...यह राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। भगवान उनको अपने चरणों में स्थान दें यही प्रार्थना हम भगवान से करते हैं। शिवसेना सांसद संजय राउत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर कहा, शिबू सोरेन को हम हमेशा याद करते हैं। जिस राज्य से वे आते हैं और जिस राज्य से उनका नेतृत्व है, वह झारखंड आदिवासी राज्य है... वहां के आदिवासी समुदाय के लिए शिबू सोरेन भगवान से कम नहीं थे... शिबू सोरेन राज्यसभा के सदस्य हैं और उनकी सीट मेरे ठीक बगल में है... मैं हमेशा उनकी पार्टी के सांसदों से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछता रहता था...

शिवसेना और हमारा पूरा परिवार उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है... नेता नीरज कुमार ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर कहा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन केवल एक व्यक्ति नहीं थे, समाज का ऐसा तबका जो जीवन की चुनौतियों से जूझता है, समाज के सबसे निचले पायदान पर रहने वाला व्यक्ति, आदिवासी समुदाय जिसकी अस्मिता की रक्षा करते हुए और सामाजिक संघर्ष को झेलते हुए वे राजनीति के मुकाम पर पहुंचे, लेकिन साथ ही साथ उन्होंने आदिवासी समुदाय को राजनीतिक स्वाभिमान के रूप में स्थापित करने का काम किया। शिबू सोरेन JMM के संस्थापक थे। उनका निधन सामाजिक क्षति के साथ-साथ, वैचारिक आंदोलन की भी बौद्धिक क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। वहीं राज्य सरकार ने उनके सम्मान में सात दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। उनके निधन को झारखंड की राजनीति में एक युग का अंत माना जा रहा है। उनके अंतिम संस्कार की जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी।

## राज्यसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित, लोकसभा में हंगामे के बीच कार्य बाधित

**नईदिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के कुछ ही देर बाद दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित हो गई है। राज्यसभा की कार्यवाही शुरु होने के बाद सबसे पहले पूर्व सांसद शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। वहीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, यह (एसआईआर) बहुत बड़ा मुद्दा है और सरकार को इसपर चर्चा करनी चाहिए। चर्चा करें और आगे बढ़ें। एलजेपी (रामविलास) नेता अरुण भारती ने कहा, मुझे लगता है कि विपक्ष दुविधा में है क्योंकि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र चुनाव के समय में वो ही आरोप लगाते थे कि मतदाता सूची में NDA के ज्यादा वोटर हैं इसलिए हम चुनाव हार जाते हैं। इसको लेकर उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत भी की थी। जब चुनाव आयोग उनकी इस शिकायत पर कार्रवाई कर रहा है, तब भी उन्हें आपत्ति है...उनका मुद्दा क्या है, पहले वो इसको क्लियर कर लें।

# 17 जिलों में बाढ़ के हालात, नौ की मौत, कई शहरों में स्कूल हुए बंद

## इन 46 जनपदों में आज बारिश का अलर्ट




**लखनऊ, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

यूपी में मानूसन पूरी तरह से सक्रिय है। प्रदेश में नदियों से सटे हुए 17 जिलों में बारिश का कहर है। कल अलग-अलग जिलों में बारिश की वजह से नौ मौतें हुईं। सोमवार की सुबह सीतापुर जिले में दीवार गिरने से दो किशोरियों की मौत हो गई। यह संख्या जोड़ लें तो 24 घंटे में प्रदेश में बारिश से 11 मौतें हो गई है। भारी बारिश को देखते हुए राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वे लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों और राहत विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे हैं, ताकि राहत कार्यों में कोई कमी न रहे। टीम-11 में शामिल मंत्रियों ने भी बाढ़ प्रभावित जिलों का रविवार को निरीक्षण किया। वर्तमान में प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इन जिलों की 37 तहसीलें और 402 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाज़ीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। इन सभी जिलों में राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं। वहीं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के जवान चौबीसो घंटे पेट्रोलिंग कर रहे हैं।राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि 17 जिलों में कुल 84392 लोग प्रभावित हैं, जिनमें से 47906 लोगों को राहत सामग्री दी गई है। बाढ़ की वजह से 2759 मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ की चपेट में आने से अब तक 343 लोगों के मकानों को नुकसान पहुंचा है।

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर विवादित टिप्पणी करने वाले प्रोफेसर पर गिरी गाज, एफआईआर दर्ज

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री पर महिलाओं को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाले लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रविकांत चंदन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है। यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353(2) के तहत बागेश्वर धाम समिति की ओर से दर्ज कराया गया है। प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की जानकारी धीरेंद्र शास्त्री ने वीडियो जारी करके दी। अपने वीडियो संदेश में उन्होंने प्रोफेसर की ओर संकेत करते हुए कहा कि कुछ लोग साजिशन हमारी छवि को धूमिल करने की कोशिश में लगे हुए हैं। लेकिन, मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं कभी-भी ऐसा कोई काम नहीं करूंगा जिससे हिंदुओं को नीचा देखना पड़े।

**एक सच्चा भारतीय कभी ऐसा नहीं कहेगा...**

# चीन को लेकर राहुल गांधी के बयान पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ कथित टिप्पणी के मामले में अपने खिलाफ मानहानि को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. कोर्ट में सुनवाई के दौरान सोमवार को कहा कि आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2000 किलोमीटर तक भारत की जमीन हड़प ली है। अगर आप सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहेंगे। अपनी 2023 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, कांग्रेस नेता राहुल ने दावा किया कि एक पूर्व सेना अधिकारी ने उन्हें बताया था कि चीन ने 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। उनके इस बयान को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया था और उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था। राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मुकदमे को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2,000 किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। और इस पर जोर देते हुए कहा, अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसा नहीं कहेंगे। कोर्ट ने पूछा कि क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है। जब सीमा पार कोई विवाद होता है तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते। कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकार लगाते हुए कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं तो आप ये बातें क्यों कहेंगे? आप ये सवाल संसद में क्यों नहीं पूछते? इसके जवाब में राहुल की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उन्होंने संसद में बोलने की छूट पाने के लिए चुनाव नहीं लड़ा। अनुच्छेद 19(1)(ए) राहुल गांधी को सवाल पूछने की इजाजत देता है। सिंघवी ने राहुल की तरफ से कहा कि उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करने की कोई जरूरत नहीं है। मामले में संज्ञान लिए जाने से पहले उन्हें कोई प्राकृतिक न्याय नहीं दिया गया है। सिंघवी ने कहा कि वह उस भावना को समझते हैं जिसके तहत इस बेंच ने सवाल पूछे हैं। लेकिन इस बात पर आम सहमति है कि यहां कोई प्राकृतिक न्याय या सुनवाई नहीं हुई है।

# एसआईआर के खिलाफ विपक्ष का हल्लाबोलः 7 अगस्त को दिल्ली में इंडिया की बैठक, कल बंगलूरू में बड़ा खुलासा करने का दावा

**नईदिल्ली, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर हमलावर है। बिहार में चुनाव से पहले आयोग की इस प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस से लेकर राजद तक, सभी विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं। संसद के अंदर और बाहर विपक्ष विरोध प्रदर्शन कर रहा है। राज्यों में भी इसे लेकर विपक्ष का हल्लाबोल जारी है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, 7 अगस्त को दिल्ली में एक बैठक होगी। विपक्षी गठबंधन INDIA के



नेता वहां मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम संसद के अंदर और बाहर SIR के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। चुनाव आयोग इस देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को सुनियोजित तरीके से निशाना बना रहा है।

हमें चुनाव आयोग से निष्पक्षता की उम्मीद थी, लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। बिहार में कई मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। ऐसे में निष्पक्ष लोकतंत्र कैसे चल सकता है। हम 5 अगस्त को बंगलूरू में चुनाव आयोग की गंभीर गड़बड़ियों का खुलासा करने जा रहे हैं।

# बांग्ला बांग्लादेशियों की भाषा है..., दिल्ली पुलिस की लेटर पर भड़कीं सीएम ममता बनर्जी, बीजेपी ने किया पलटवार

**कोलकाता, 04 अगस्त [एजेंसी]।**



दिल्ली पुलिस के एक कथित लेटर में बांग्ला भाषा को कथित तौर पर बांग्लादेशी कहने से मचा बवाल अब तूल पकड़ रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी करार दिया है। वहीं, बीजेपी नेता अमित मालवीय ने ममता पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी प्रतिक्रिया खतरनाक और भड़काऊ है। मालवीय ने तो ममता के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की मांग तक कर डाली। इस विवाद ने देश में भाषाई और राजनीतिक तनाव को और हवा दे दी है।

अमित मालवीय ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बंगाली को बांग्लादेशी नहीं कहा, बल्कि यह शब्द अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए इस्तेमाल हुआ। उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेश में बोली जाने वाली भाषा का लहजा, शब्दावली और बोली भारतीय बंगाली से अलग है। ममता बनर्जी ने रविवार को दिल्ली पुलिस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दिल्ली पुलिस का एक लेटर साझा करते हुए लिखा, यह कितना शर्मनाक है कि दिल्ली पुलिस बंगाली को बांग्लादेशी भाषा कह रही है। उन्होंने लिखा, बंगाली हमारी मातृभाषा है, रवींद्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद की भाषा है। यह वह भाषा है, जिसमें हमारा राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत लिखा गया है। इसे बांग्लादेशी कहना संविधान का अपमान है। अमित मालवीय ने ममता के बयान को गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। उन्होंने 𝕏 पर लिखा, दिल्ली पुलिस ने कहीं भी बंगाली को बांग्लादेशी भाषा नहीं कहा। यह शब्द घुसपैठियों की भाषाई पहचान के लिए इस्तेमाल हुआ, जिसमें बांग्लादेश की बोलियों जैसे सिलहटी का जिक्र है, जो भारतीय बंगाली से अलग है।

**मंडी में भीषण सड़क हादसा**

# गहरी खाई में गिरी गाड़ी 3 की मौत और 2 घायल

**मंडी, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

हिमाचल के मंडी जिले के सराज विधानसभा के मगरुगला में एक गाड़ी रविवार देर रात को खाई में गिर गई। हादसे में 3 लोगों की मौत होने की सूचना है। गाड़ी में 5 लोग सवार थे। घायलों को सुबह 108 एम्बुलेंस से जंजैहली अस्पताल लाया जा रहा है। बताया जा रह है कि ये गाड़ी देर रात को गिरी सुबह लोगों ने इसे गिरे हुए देखा तो इसकी सूचना 108 एम्बुलेस और पुलिस को दी। इसके बाद सभी को खाई से निकाला गया। सराज में आपदा के बाद से सड़कों की स्थिति भी ठीक नहीं है। गाड़ी में सवार स्थानीय बताए जा रहे है। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच आरंभ कर दी है। ये लोग कहां से आ रहे थे और हादसा किस कारण हुआ है पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## सीएएफ कैंप में जवान ने किया सुसाइड

**कोंडागांव ।** जिले से एक बड़ी और दिल दहला देने वाली खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। जवान के आत्महत्या करने की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। आला अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं और जवान ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। आत्महत्या करने वाले जवान की पहचान प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल के रूप में हुई है। दिनेश सिंह बयानार सीएएफ कैंप में पदस्थ था। आज सुबह जवान के कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आस-पास मौजूद अन्य जवानों ने जब वहां पहुंचकर देखा तो दिनेश सिंह की मौत हो चुकी थी। दिनेश सिंह ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारी है। वहीं जवान दिनेश सिंह चंदेल की आत्महत्या की खबर आग की तरह पूरे कैंप में फ़ैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आला अधिकारी जांच में जुट गए हैं और जवान की आत्महत्या का कारण ढूंढने में लगे हुए हैं।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# ओडिशा-झारखंड सीमा पर दो आईईडी विस्फोट, एक रेलवे कर्मचारी की मौत

**ओडिशा, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

कल देर रात दो अलग-अलग जगहों पर रेलवे पटरियों पर लगातार हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोटों से ओडिशा-झारखंड सीमा क्षेत्र में दहशत फैल गई। माओवादियों द्वारा किए गए इन विस्फोटों ने महत्वपूर्ण रेल अवसंरचना को निशाना बनाया और ट्रेन सेवाओं को बाधित किया, साथ ही एक रेलकर्मी की जान भी ले ली। रिपोर्टों के अनुसार, एक विस्फोट झारखंड के करमापाड़ा रेलवे स्टेशन के पास हुआ, जबकि दूसरा विस्फोट ओडिशा के के. बलांग पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे ट्रैक पर, विशेष रूप से रेंजडा सेक्शन में हुआ। ये दोनों स्थान महत्वपूर्ण करमापाड़ा-रेंजडा मार्ग पर स्थित हैं, यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ पहले भी माओवादी गतिविधियाँ देखी गई हैं। ये घातक विस्फोट संदिग्ध माओवादियों द्वारा रेलवे ट्रैक को उड़ाने के लिए आईईडी का इस्तेमाल करके किए गए थे। विस्फोट के कारण एक रेलवे कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान दुखद मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे गंभीर हालत में पास के अस्पताल ले जाया गया। यह घटना एक दिन पहले करमापाड़ा और रेंजडा के बीच हुए इसी तरह के एक और विस्फोट के बाद हुई है, जहाँ रेल यातायात को निशाना बनाने के लिए पटरियों पर विस्फोटक लगाए गए थे।

# अनिल अंबानी की बढ़ी टेंशन, 17 हजार करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में अब ईडी बैंकरों से करेगी पूछताछ



**नईदिल्ली, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े 17,000 करोड़ रुपये के कथित लोन फ्रॉड मामले में बड़ा कदम उठाया है।जांच एजेंसी ने 12-13 बैंकों के प्रबंधन को पत्र भेजकर अनिल अंबानी ग्रुप को दिए गए लोन की पूरी जानकारी मांगी है। ये लोन बाद में गैर-निष्पादित परिसंपत्ति बन गए। सूत्रों के मुताबिक, अगर बैंकों के जवाब संतोषजनक नहीं हुए तो बैंकरों को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। ईडी ने अनिल अंबानी के खिलाफ शुक्रवार को लुक आउट सर्कुलर जारी किया और उन्हें 5 अगस्त को पूछताछ के लिए तलब किया है। यह मामला रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस , रिलायंस कम्युनिकेशंस और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस को दिए गए लोन से जुड़ा है। ईडी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक जैसे बैंकों से लोन मंजूरी की प्रक्रिया, डिफॉल्ट की समय-सीमा और रिकवरी के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है।

## अरावली में अवैध निर्माण मामले में एसीबी का बड़ा एक्शन,एफआईआर दर्ज

**अरावली।** सोहना के अरावली पहाड़ी क्षेत्र में अंसल हाउसिंग और अवैध फार्म हाउस मालिकों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शिकंजा कसते हुए एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि अधिकारियों ने गैर-मुमकिन पहाड़ भूमि को बदलकर फार्म हाउस बनाने के लिए अनुमति दी, जिससे अरावली अधिसूचना का उल्लंघन हुआ। शिकायतकर्ता रमाशंकर शुक्ला ने आरोप लगाया कि अंसल हाउसिंग और अन्य फार्म हाउस मालिकों ने नकली नक्शे और फर्जी रिकॉर्ड बनाकर जमीन का हस्तांतरण किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन कर निजी लाभ के लिए फार्म हाउसों का निर्माण करने में मदद की।

# जेल से फरार 4 कैदियों की तलाश के लिए 50 पुलिस कर्मियों की दो टीम सक्रिय

## सूचना देने वाले को मिलेगा दस हजार का पुरस्कार

**कोरबा, ।** कोरबा के रिस्दी रोडस्थित जिला जेल की 25 फीट ऊंची चारदीवार फांद कर फरार हुए चार आरोपियों ने जेल प्रबंधन के साथ पुलिस के लिए परेशानी खड़े कर दी। घटना के बाद से ही इस दिशा में काम किया जा रहा है। आरोपियों को खोजने के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा सइबर नेता को भी काम पर लगाया गया है। दोनों टीम में निरीक्षक सहित पुलिस जवान शामिल किए गए हैं। अलग-अलग स्तर पर इन्हें टास्क दिया गया है तकि यहा-वहां से मिलने वाले इनपुट पर काम किया जा सके। इस बीन पुलिस ने ईनाम की घोषणा भी कर दी है। बताया गया कि पॅक्सो और बलात्कार के मामले में रजा कंपर पिता टोला राम कंजर 22 वर्ष पुलसीडीह राजगामार, दशरथ सिदार पिता प्रताप सिंह 19 वर्ष पेड़ीबहार नीचे मोहाला कोरबा, रुरना निंकू पिता शंकर सिंकू 26 वर्ष लालघाट मुग्डा मोहल्ला वाप्तकोनगर और चरशेखर राठिया पिता सूरज प्रसाद राठिया 20 वर्ष कमत्तरा चरखेड़ा रामगढ़ जारोपी नामजद किए गए थे। पिछले महीने इन्हें कोरवा के कोर्ट में पेश किया गया था। नुनवाई करते हुए न्यायाधीश आपियों को जिला जेल भेजने का आदेश दिया था. जिसके बाद से ये चारों आरोपी जिला जेल में बंद थे। शनिवार को 3 से 4 बजे देवीच 15 मिनट के लिए विजली गुल हुई और वे फरार हो गए। विजली आने पर हला हुआ कि चार कैदी यहां से फरार हैं। आनन-फानन में जिला जेल में लगे सीनीटीवी फुटेज चेक किए गए। जिसे देखकर जेल स्टाफ दंग रह गया कि बड़े स्मार्ट तरीके से कैदियों ने एक केवल रूपा डाल कर खुद को चढ़ाग और फिर कूद कर फतर हो गए। इस मामले में आज जेत विभाग के आईजी ये कोरबा जेल का निवेक्षण किया और सुरक्षा प्रबंधों की स्थिति देखो। क्षाया गया कि आरोपियों का पता बताने वालों के लिए पुलिस ने 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया है।इसके साथ ही पुलिन कंट्रोल रूम फोरवा के नंबर 9479193399 सहित पुलिस टीम के नंबर भी जारी किए गए हैं। कहा गया कि आरोपियों का पा जो भी बताएगा, उसकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी। पुलिन की उम्मीद है कि इतना तामझाम करने पर आरोपियों का पता लगान आसान होगा।

### हो सकती है नामले की जांच

जिला जेल से चार गंभीर आरोपियों का भाग जाना अपने आर में चिंताजनक है। कहा जा रहा है कि जेन विभाग के साथ-साथ सरकार इस मामले की जांच-पड़?ताल करा सकता है कि आखिर किन परिस्थितयों में यह घटना हुई। जानकारों का कहना है कि ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि छत्तीसगढ़ में सुशानन के दावे लगातार किए जा रहे हैं तो फिर इनके बीच ऐसी घटनाएं कैसे हो सकती हैं?

## इंडिपेंडेंस कप राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में लेवल अप एमएमए अकादमी कोरबा के खिलाड़ियों को सफलता

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राज्य कराटे फेडरेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंडिपेंडेंस कप राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में लेवल अप एमएमए अकादमी, कोरबा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 29 पदक जीते। कोरबा जिला कराटे डू स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश बंजारे ने बताया कि यह प्रतियोगिता 26 व 27 जुलाई को स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम, कोटा, रायपुर में संपन्न हुई।इसमें विजेता खिलाड़ी अब 08 से 10 अगस्त को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य के राजस्व एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मन की बात कार्यक्रम को भी देखा और खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने प्रेरणा दी।

जिला अध्यक्ष अविनाश बंजारे में बताया कि जिले के बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किए है इसमें स्वर्ण पदक विजेता अक्षत पांडेय, जैस्मिन कुर्रे, मिया अल्फाट, आयुष उरांव, धीरज बरेठ, अनीश खरे, अमन टोप्पो, रजत पदक विजेता में गुंजन देवांगन, अधृत नारायण पांडेय, पारस बंजारे, एकदा महन्त, स्वाति ओगरे, नेवान आर. पिल्लै, अनुज अग्रवाल, आशुतोष पाठक, प्रतीक सिंह, आर्या सेठी, कांस्य पदक विजेता अक्षत साहू, लोमश प्रसाद सिन्हा, काव्या श्रीवास, महेव एक्क, आर्यन विक्टर सिंह, रुचि श्री राहंगडाले, संपदा सक्सेना, दीपक रोहदास,समीर कंवर, रागिनी निर्मलकर,लखन साहू,एंजेल यादव काता कैटेगरी, संपदा सक्सेना ने रजत पदक प्राप्त किया।

कोरबा टीम कोच प्रेमराज बंजारे, कोच देवाशीष कश्यप,छत्रसाल प्रताप सिंह, टीम मैनेजर स्वाति ओगरे, ममता यादव और रिया श्रीवास के नेतृत्व में प्रतियोगिता में शामिल हुई थी। इस प्रतियोगिता में जिले के टेक्निकल डायरेक्टर स्नेहा बंजारे, उपाध्यक्ष अजीत शर्मा, आरिफ, अशोक यादव, रानी मरकाम, जिला ओलंपिक संघ सचिव सुरेश क्रिस्टोफ़र, कोषाध्यक्ष सुशील गर्ग, भाजपा जिला संयोजक समीर पांडेय, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, रामकृपाल साहू, के.आर. टंडन सहित अभिभावक ने खिलाड़ियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## आपसी समन्वय बनाकर पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें सार्वजनिक प्रतिष्ठान व विभाग:आयुक्त पाण्डेय

**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम से जुड़े विभागों व सार्वजनिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से कहा कि कोरबा में वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम से जुड़े कार्यो व पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों पर आपसी समन्वय बनाकर पूरी इच्छा शक्ति के साथ कार्य करें तथा सकारात्मक परिणाम हासिल करें। उन्होने कहा कि वायु का प्रदूषण आज की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक हैं विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में यह समस्या कुछ ज्यादा ही है, इस समस्या से निपटने हेतु हम सबको दृढ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करना होगा, व्यापक जनजागरूकता लानी होगी, आमजन को इस कार्यक्रम से जोड़ना होगा। उक्त कथन आयुक्त श्री पाण्डेय ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की सिटी लेवल मानीटरिंग एवं इम्पली मेन्टेशन कमेटी की बैठक के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत गठित सिटी लेवल मानीटरिंग एण्ड इम्पली मेन्टेशन कमेटी की बैठक आयुक्त श्री पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने एन.सी.ए.पी. फंड के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक किए गए कार्यो की समीक्षा की तथा कार्यो की भौतिक व वित्तीय प्रगति की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए वायु गुणवत्ता सुधार एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभी तक किए गए कार्यो की विस्तार से समीक्षा की।

## मीनाक्षी,रजनी और रानू ने सावन महोत्सव की प्रतियोगिता में जीता पुरस्कार

**कोरबा।** बालको नगर में प्रियंका फिटनेस सेंटर की महिलाओं ने सावन उत्सव का आयोजन किया, जिसमें लगभग 40 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य आयोजिका प्रियंका ठाकुर थीं। कार्यक्रम की शुरुआत में आगंतुक महिला साथियों को मेहंदी देकर और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद विभिन्न तरह के खेल आयोजित किए गए, जिनके बाद उपस्थित सदस्यों द्वारा सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सावन क्वीन का खिताब मीनाक्षी ठाकुर को दिया गया, जबकि उपविजेता का खिताब रजनी नकाले को प्रदान किया गया। रानू और रजनी नकाले ने खेल की अलग-अलग प्रतियोगिताओं में विजय हासिल की।कार्यक्रम में स्वल्पाहार का भी आयोजन था। वर्तमान समय में लोग अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए फिटनेस क्लासेस में शामिल हो रहे हैं, जिसमें जुंबा, योग, वर्कआउट जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इन गतिविधियों से न केवल स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि यह तनाव को कम करने और मूड को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। कार्यक्रम का समापन केक काटकर किया गया। यह सावन उत्सव अपने आप में एक सफल आयोजन साबित हुआ, जिसकी प्रशंसा सभी आगंतुक महिला साथियों ने की।

## दुर्घटनाओं को रोकने मवेशियों के गले मे बांधा गया रेडियम युक्त पट्टी

**कोरबा।** द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब्स डि. 3233सी अंतर्गत लायंस क्लब कटघोरा छुरी के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि बरसात के अवसर पर मवेशियों के रोड में बैठने की वजह से आये दिन हो रही दुर्घटना को देखते हुए क्लब द्वारा पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी के आतिथ्य मे 2 चरणों में 25 एव 27 जुलाई को कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र के तहसील चौक से शहीद वीरनारायण चौक होते हुए पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम तानाखार लगभग 6 किलोमीटर तक क्लब के सदस्यो द्वारा रोड पर बैठे 157 से भी ज्यादा मवेशियों के गले मे रेडियम युक्त पट्टी बांधी गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि निश्चित ही मवेशियों के रोड पर बैठने से आने-जाने वाले वाहन चालकों को जिस प्रकार से असुविधा होती है व कई बार तो ठीक से सही समय पर मवेशियों के बैठे होने के कारण वाहन चालकों को मवेशी दिख नही पाते हैं। जिसके फलस्वरूप दुर्घटना हो जाती है। निश्चित ही क्लब के द्वारा मवेशियों के गले मे जो रेडियम पट्टी बांधने की मुहिम चलाई गई है, वह सराहनीय है। निश्चित ही इससे कुछ हदों तक होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

क्लब के संरक्षक एवं डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया ने बताया कि अक्सर बरसात के समय रोड के अगल-बगल की जमीन गीली हो जाती है, जिससे मवेशी रोड पर आकर बैठ जाते हैं, जिसकी वजह से रात के समय आने जाने वाले वाहनों को अक्सर धोखा हो जाता है। परिणाम स्वरूप बड़ी दुर्घटना हो जाती है। इन्ही सब कारणों को देखते हुए 2 चरणों में क्लब की ओर से मवेशियों के गले मे रेडियम उक्त पट्टी बांधने की मुहिम चलाई गई।

इस अवसर पर नगर निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, नरेंद्र अग्रवाल, अतुल मित्तल, संरक्षक नरेंद्र मित्तल, एल.सी.आई. एफ कोआर्डिनेटर विकेश अग्रवाल,प्रचार प्रमुख आशीष अग्रवाल,डायबिटीज चेयरपर्सन राकेश शर्मा, इखलाक शेख, सहित नगरवासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

## मनमानी पर नकेल कसी नगरनिगम ने,भारी पेनालंटी

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर को साफ-सुथरा रखने, गंदगी न फैलाने की दी जा रही लगातार समझाईश के बाद अब शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने व गंदगी फैलाने वालों के साथ निगम किसी भी प्रकार की रियायत करने के मूड में नहीं है। इसी कड़ी में टी.पी. नगर कोरबा स्थित राजू होटल के संचालक द्वारा गंदगी फैलाने एवं होटल से उत्सर्जित अपशिष्ट को नाली में डालने पर निगम ने कड़ी कार्यवाही करते हुए उस पर 50 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया, साथ ही कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में उक्त कृत्य की पुनावृत्ति होने पर अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के कोरबा में पदस्थ होने के बाद से ही शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई व्यवस्था में आमूल-चूल सकारात्मक बदलाव लाने को निगम द्वारा सर्वप्राथमिकता पर रखा गया है। एक ओर जहॉं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय स्वयं प्रतिदिन सुबह 07 बजे से शहर का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो सहित अन्य व्यवस्थाओं का कड़ाई से निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके कड़े दिशा-निर्देशन में निगम के सभी जाने कमिश्नर अपने-अपने जोन के मैदानी अमले व एक्शन टीम के साथ सुबह-सुबह फील्ड में खड़े नजर आते हैं, जो वार्ड व बस्तियों का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो, अतिक्रमण, अवैध कब्जों सहित पेयजल, सड़क रोशनी व शहर की अन्य व्यवस्थाओं का सतर्क निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। निगम अमले द्वारा साफ-सफाई के प्रति लोगों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है, शहर की स्वच्छता में अपनी सहभागिता देने की अपील के साथ-साथ सड़क, नाली में कचरा न डालने, गंदगी न करने की लगातार समझाईश भी दी जा रही है। इन सबके बावजूद कतिपय लोग अपनी आदतों में सुधार नहीं ला रहे हैं, उनके द्वारा कचरे को सड़क नाली में डाल दिया जा रहा इसी प्रकार नगर पालिक निगम कोरबा के अमले के द्वारा खरमोरा मैगजीनभांठा स्थित शराब दुकान के संचालक पर भी गंदगी फैलाने के कारण 5000 रूपये का अर्थदंड लगाया गया, अधिकारियों ने बताया कि उक्त शराब दुकान परिसर तथा आसपास के स्थल में काफी मात्रा में गंदगी फैलाई गई थी,

जिस पर कार्यवाही करते हुए निगम अमले ने उक्त अर्थदंड लगाया, साथ ही कड़ी चेतावनी दी कि उत्सर्जित कचरे का उचित प्रबंधन दुकान संचालक कराएं, गंदगी न करें अन्यथा और अधिक कड़ी

## कई पार्षद भी पहली बार कांवर लेकर गए कनकी धाम

**कोरबा ।** सावन माह के पावन अवसर पर सर्वमंगला मंदिर से कनकी धाम तक भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सबसे पहले श्रद्धालुओं ने सर्वमंगला मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पवित्र जल भरा और फिर हर-हर महादेव व बोल बम के जयघोष के साथ पैदल यात्रा प्रारंभ की।

कांवर यात्रा में कोरबा नगर निगम की महापौर संजू देवी राजपूत, पार्षद नरेंद्र देवांगन, दिनेश वैष्णव, पुनिराम साहू, सोनू राठौर, रजनीश देवांगन, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, राजेश राठौर, मुकुंद सिंह कंवर, प्रकाश सिंह कंवर, जनक सिंह राजपूत, अनिल यादव, भोलू यादव, प्रीति स्वर्णकार, स्मिता सिंह, ज्योति वर्मा, शैलेंद्र यादव, प्रेम शंकर साहू, राम शंकर, प्यारे लाल साहू, दीपक यादव और मनोज राजपूत सहित भाजपा मंडल पाषर्दगंज के सभी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।

भक्तों की यह कांवर यात्रा कनकी धाम पहुंची और सभी श्रद्धालु ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा। सावन के इस पावन अवसर पर भक्तों ने भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि, शांति और भाईचारे की कामना करी।

## राजेंद्र नगर 2 में दुर्गा पूजा समिति ने बैठक की



**कोरबा।** कोसाबाड़ी दुर्गा पूजा समिति राजेंद्र प्रसाद नगर फेस - 2 के समिति की बैठक समिति के संयोजक श्री राजकुमार जोशी जी के निवास स्थान में संपन्न हुई,जिसमें सर्वश्री डा.आर. एन. पांडेय, भाकुलाल साहू ,सुभाष अग्रवाल, संजीव पोपली, हनुमान अग्रवाल, प्रदीप चक्रवर्ती , कमल मजुमदार, अरुण पोकाले, संजय मोटवानी, संतोष साहू, सत्यम शुक्ला, रविंद्र पोकाले, बिज्जु लहरे,कृतेश अग्रवाल, विकास शर्मा, समाज सेवी श्रीअंबरीश प्रधान, कोणाल एवं समस्त सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति रही।

## मुख्य मार्ग पर गड्ढों की स्थिति से हादसे का डर

**कोरबा ।** कोरबा जिले के कटघोरा नगर अंतर्गत महाविद्यालय के पास सड़क पर बने गहरे गड्ढे को लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बिलासपुर संभाग सह प्रभारी राजेश यादव ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री को इस मामले की जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग से शीघ्र कार्यवाही करने मांग की है।

राजेश यादव ने बताया कि कटघोरा-कोरबा मार्ग के मुख्य हिस्से में, कॉलेज के पास सड़क किनारे मिट्टी कटने से बड़ा गड्ढा बन गया है, जिससे राहगीरों और छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी हो रही है। गड्ढे के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है, लेकिन लोक निर्माण विभाग अब तक मौन बना हुआ है। श्री यादव ने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिन के भीतर गड्ढे को नहीं पटवाया गया, तो वह चक्काजाम करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग कटघोरा की होगी। भाजपा नेता ने इस मुद्दे को लेकर लोक निर्माण मंत्री, नगरीय प्रशासन विभाग एवं प्रभारी मंत्री अरुण साहू को भी अवगत कराया है और त्वरित कार्यवाही की अपेक्षा जताई है।

## श्रमिक हितों पर सकारात्मक रूख दिखाने की बात कही मंत्री पासवान ने

**कोरबा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मजदूर संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन राजधानी दिल्ली में किया गया। इस अहम बैठक में देशभर से संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष (लेबर सेल) राजेश पासवान, छ.ग. प्रभारी राष्ट्रीय सचिव धर्मेन्द्र निगम भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बी. अरुण नायडू ने बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाई और राज्य के श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया। इस दौरान उन्हें केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से भेंट-मुलाकात करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। नायडू ने बताया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के श्रमिकों की समस्याओं और उनके अधिकारों के संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मंत्री चिराग पासवान ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए श्रमिक हितों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

बैठक में संगठन की भावी रणनीति, श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रचार-प्रसार, और मजदूर वर्ग की भागीदारी बढ़ाने पर भी विशेष चर्चा हुई। बी. अरुण नायडू, प्रदेश अध्यक्ष, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) लेबर सेल श्रडै, छत्तीसगढ़ ने संगठन को और मजबूत करने के लिए समर्पित रूप से कार्य करने को कहा। इस कार्यक्रम में छ.ग. के पदाधिकारी एवं सदस्य दुर्ग जिलाध्यक्ष साईमन सेम्युल, प्रदेश सचिव नीरज चौधरी, प्रदेश महासचिव, चन्द्रशेखर जनबंधु, बिलासपुर जिलाध्यक्ष रामविलास यादव, दुर्ग जिला प्रवक्ता उत्तम कुमार आदि उपस्थित थे।

## संगठन को मजबूती देने के लिए लगातार होगा काम :सुधीर

**कोरबा ।** कोरबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन ब्लॉक प्रभारी सुधीर जैन ने मंडल, सेक्टर, वार्ड एवं बूथ कमेटी बनाने के लिए संगठनात्मक बैठक लिया । जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में कोरबा ब्लॉक अंतर्गत वार्ड क्र.1 से वार्ड क्र.37 तक के कांग्रेसजनों के साथ बैठक आयोजित किया गया । बैठक में पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, जोन, वार्ड एवं बूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया ।बैठक में कांग्रेस के संगठन ब्लॉक प्रभारी सुधीर जैन ने अपने उद्बोधन में कांग्रेस संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा बूथ, वार्ड, जोन, सेक्टर एवं मण्डल कांग्रेस कमेटी के संगठन के मजबूती को लेकर अपने विचार व्यक्त किया । श्री जैन ने कहा कि आज हमें कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस के विचारधारा के तहत् ऐसे लोंगो को कांग्रेस संगठन में जोड़ना होगा । जिससे विरोधी ताकतों से हर स्तर पर सामना किया जा सके । श्री जैन ने कहा कि कोई भी कमेटी ऐसे बनाएं जिससे कांग्रेस संगठन के विचारधारा एवं कार्यकर्ताओं का मान सम्मान एवं स्वाभिमान में कमी न आ पाए । ब्लॉक प्रभारी ने बूथ, वार्ड, सेक्टर एवं मंडल अध्यक्षों के चयन हेतु दिशा निर्देश देते हुए सुझाव आमंत्रित किया और आने वाले समय में




एकजूट होकर कांग्रेस को जन - जन की आवाज बनाने का आव्हान किया । पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि यह एक विचारधारा है जो गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और शोषित वर्ग के हक के लिए आवाज उठाता है । यह वह विचार है जिसने हमें आजादी दिलाई सविंधान दिया और देश के विकास की राह पर अग्रसर किया ।कोरबा ब्लॉक प्रभारी सुधीर जैन ने उपस्थितजनों से सुझाव लेकर कोरबा ब्लॉक के 37 वार्डों को 4 मण्डल में विभाजित किया । जिसमें सीतामणी मण्डल में वार्ड क्र.5 से वार्ड क्र. 14 तक को शामिल किया गया है । टी पी नगर मण्डल में वार्ड क्र. - 1, 2, 3, 4, 15, 16, 17, 18 एवं वार्ड क्र.29 को लिया है । बुधवारी मण्डल में वार्ड क्र.19 से वार्ड क्र. 24 तक एवं वार्ड क्र.36 एवं 37 को शामिल किया गया है। वहीं निहारिका मण्डल में वार्ड क्र.25 से वार्ड क्र. 35 तक को लिया गया इसमें वार्ड क्र.29 को टी पी नगर मण्डल में जोड़ा गया है ।कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्लॉक प्रभारी सुधीर जैन बैठक में अध्यक्षता कर रहे पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, विशिष्ट अतिथी प्रदेश सचिव बी एन सिंह, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी, पार्षद मुकेश राठौर, सुकसागर निर्मलकर, डॉ.रामगोपाल कुर्रे, रवि चंदेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज का कांग्रेसी गमछा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया । तत्पश्चात् ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने स्वागत उद्बोधन दिया । बैठक में इंटक पदाधिकारी मनहरण राठौर, रामकुमार राठौर, डॉ.ओमप्रकाश महंत, रवि खुंटे, श्रीमती सुभद्रा सिंह, सुभाष राठौर, अविनाश बंजारे, आनंद पालीवाल, पालुराम साहू, मनकराम साहू, कुंजबिहारी साहू, सुनील निर्मलकर, रमेश वर्मा, मुस्लिम खान, समसुद्दीन खान, राजेश यादव, द्रौपती तिवारी, शशि अग्रवाल, संजू पैकरा, शांता मण्डावे, रामगोपाल यादव, अमित पन्ना, रमेश राठौर, टेकराम श्रीवास, संजय अग्रवाल, हिमांशु सिंह, अतुल दास महंत, आकाश प्रजापति, देव जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, सत्यप्रकाश साहू, शालनी राही, आरिफ खान आदि ने सुझाव दिये ।बैठक को पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, प्रदेश सचिव बी एन सिंह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज ने भी संबोधित किय । मुकेश राठौर, कृपाराम साहू, रवि चंदेल, सुखसागर निर्मलकर, आनंद पालीवाल, नारायण कुर्रे, डॉ.रामगोपाल ने महत्वपूर्ण सुझाव उद्बोधन दिया ।बैठक में संतोष पटेल, रवि सिंह, टिकी महंत, गोपाल यादव, सुनील नेताम, अवधेश राठिया, एन यू कुरैशी, रम्हन दास, बसौर खान, पवन चौहान, नारायण यादव, दिनेश चौहान, नेजामुद्दीन, अरूण यादव, सुजीत बर्मन, विजय आदिले, अमित निराला, रवि टोप्पो, विजय आनंद, नदीम बेग, सतिष नेताम, प्रहलाद तिर्की, बाली चौहान, शशि राय, नारायण लाल, नवरतन सिंह, सी के पाण्डेय, राजेन्द्र श्रीवास, मन्नु विश्वकर्मा, हिमांशु सिंह, हरनारायण राठौर, शशिराज, चालेश्वर सिंह, कलीम अंसारी, कुसुम भगत, लक्ष्मी मरकाम, मनोज कुमार, टेकराम यादव, एहसान अंसारी, रूपेश साहू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## नवचेतना महिला समिति ने उत्साह से मनाया सावन उत्सव

**कोरबा ।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी साडा कॉलोनी जमनीपाली के नवचेतना महिला समिति द्वारा अग्र मंगल भवन, साडा कॉलोनी जमनीपाली में सावन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया । महिला समिति के सभी सदस्यों ने इस मनभावन उत्सव में बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं खुशियों के पल बटोरे, फोटो खिंचवाएं, झुला झुले। सावन उत्सव के इस खास पल को और भी मनोरंजक बनाने के लिए अनेंको मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर अनेंकों स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी ने लुत्र उठाया । कार्यक्रम संध्या 4 बजे से देर रात तक चलता रहा है । कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी जोन तैयार किया गया था, जिसका भी



आयोजकों ने आनंद लिया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा अग्रवाल, अहूति भास्कर, डॉ.रितेश, सारिका सिंह, कविता यादव, निशा साहू, निर्मला देवी, राधा थापा, जानकी साहू, अनिता तनवर, नेहा राय, सिमरन राय, रूबी सिंह, सोनिया देवी, अनिता देवी, मीना भट्टाचार्य, उषा देवी, रूकमणी देवी, नीलम सिंह, नीलम रघुवंशी आदि का योगदान सराहनीय रहा । कार्यक्रम का सफल संचालन आंचल अग्रवाल ने किया ।

## उदय किरण के रिश्तेदार बताकर पत्रकार से ठगी की कोशिश

### पुलिस ने कहा- साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे, सतर्क रहें

**कोरबा।** ठगी का नया-नया तरीका लोग ईजाद करते हैं। एक ठग गिरोह तबादले के बाद फर्नीचर यही बेंच देने के बहाने फेसबुक से संपर्क करता है और फिर आपसे आपका नंबर लेता है ।बातचीत में सीआरपीएफ कमांडेंट बनकर फर्नीचर बेचने के बहाने ठगी करता है। ऐसा ही प्रयास ठग ने एक पत्रकार के साथ भी किया लेकिन उसकी पोल खुल गई।फेसबुक पर आपके मित्रों की सूची देखकर किसी का अकाउंट हैक किया जाता है और फिर आपसे संपर्क किया जाता है हाय हेलो के बाद फेसबुक मित्र का हवाला देकर आपका नंबर मांगा जाता है और फिर आपके मोबाइल पर कॉल आता है की सर में अमुक स्थान से बोल रहा हूं सीआरपीएफ कमांडर हूं मेरा ट्रांसफर हो गया है मुझे जाना है मेरे पास जो फर्नीचर है उसे बेचना चाहता हूं। आपके हां करते ही अच्छी किस्म के फर्नीचर का फोटोग्राफ्स आपको भेजा जाता है सौदा होता है और फिर आपसे अकाउंट नंबर देकर पैसे मांगे जाते हैं।ऐसा ही प्रयास कोरबा के जाने-माने पत्रकार मनोज यादव के साथ भी किया गया। कोरबा में एएसपी और एस पी के रूप में पदस्थ रहे उदय किरण का रिश्तेदार बनकर मनोज से संपर्क किया गया और तरीका वही अपनाया गया। यानी फर्नीचर के बहाने ठगी की कोशिश। ठग ने बात बनाने की कोशिश तो बहुत की लेकिन मनोज यादव से बातचीत में स्पष्ट दिख रहा था की वह ठग है। इस मामले की सूचना कोरबा सीएस पी भूषण एक्का को दी गई। उन्होंने बताया की लोग ठगो से बचे रहें इसे लेकर जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहा है बैनर पोस्टर लगाकर लोगों को साझा किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय प्रादेशिक और स्थानीय ठग आपकी गाढ़ी कमाई पर नजर बनाए हुए हैं। वह फर्नीचर ,नौकरी ,बीमारी और न जाने क्या-क्या बहाने बनाकर आपको ठगने की योजना बनाते रहते हैं। स्थानीय स्तर पर भी कोई आपके बालको, लैंको के जाली वर्क आर्डर दिखाकर ठगने का प्रयास करेगा तो कोई जमीन दिलाने के नाम पर आपकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए आपकी तिजोरी साफ कर देगा। मनोज यादव को ठगने के लिए आईपीएस अधिकारी के नाम का बहाना बनाया गया तो कोरबा के ठग भी रसूखदार लोगों का सहारा लेकर आपको ठगने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों के चक्कर में फंसकर आप भी उनके समक्ष गिड़गिड़ाने के लिए विवश न हो जाए इसलिए पहले से सतर्क रहें।

# अधिवक्ताओं के नाम नहीं हैं माईडीड वैब में, हुई शिकायत

**चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी माई डीड वेब पोर्टल में अधिवक्ताओं और नागरिकों का नाम प्रारूप कर्ता के रूप में शामिल नहीं किया गया है। इससे अधिवक्ताओं में नाराजगी है। इसी को लेकर तहसील अधिवक्ता संघ ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। पहले के पोर्टल में दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले प्रारूपकर्ता के रूप में नागरिक, अधिवक्ता और दस्तावेज लेखक तीनों के नाम होते थे।

अब नए पोर्टल में केवल दस्तावेज लेखक का नाम ही दिखाया जा रहा है। इससे अधिवक्ताओं और नागरिकों को पंजीयन के दौरान दस्तावेज तैयार करने में दिक्कत हो रही है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि माई डीड वेब पोर्टल में प्रारूप कर्ता के रूप में दस्तावेज लेखक के साथ नागरिक और अधिवक्ताओं का नाम भी जोड़ा जाए। इसी मांग को लेकर उप पंजीयक चांपा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसकी प्रतिलिपि वित्त मंत्री, राजस्व मंत्री, जिला कलेक्टर और जिला पंचायत जांजगीर-चांपा को भी दी गई। ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता संघ चांपा के अध्यक्ष भीमन थवाईत, सचिव प्रहलाद राठौर, कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल, अशोक बघेल, हीरामन कुर्मी, सुमत देवांगन, योगेश दुबे, मंजूषा तिवारी, नेहा जैन, गणेश श्रीवास और लकेश्वर केवट शामिल थे। जानकारी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने दी।



राज्यपाल के नाम उप पंजीयक को ज्ञापन सौंपते हुए संघ के पदाधिकारी।

## खिड़की तोड़कर 4 बोरी धान खा गया हाथी

**रायगढ़।** जिले में हाथी ने धान खरीदी केंद्र की खिड़की को तोड़ दिया। अंदर रखे 4 बोरे धान को निकालकर कुछ खाया और कुछ फैला दिया। सुबह विभागीय अमला नुकसान का आकलन करने में जुट गया है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार की रात को एक अकेला दंतैल हाथी जंगल से निकलकर बंगुरसिया बस्ती के करीब पहुंच गया। हाथी धान खरीदी केंद्र में घुस गया और यहां एक कमरे में खिड़की के पास धान रखा हुआ था। जिसे खाने के लिए उसने खिड़की को अपने सूंड से उखाड़ दिया।

इसके बाद 4 बोरी धान को बाहर निकलकर उसने कुछ को खाया और बाकी फैला दिया। रात में इसकी जानकारी वन अमला और ग्रामीणों को लग चुकी थी। ऐसे में हाथी को भगाने के लिए ग्रामीणों ने हो-हल्ला किया। देर रात ही हाथी जंगल की ओर लौट गया।

# टीबी मरीजों को ठीक करने कोशिश जारी



**सक्ती।** टीबी उन्मूलन अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर असोंदा जिला सक्ति में 45 टीबी मरीजों को पोषण आहार (फूड बास्केट) प्रदान किया गया। साथ ही अफसरों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्र असौंदा का निरीक्षण भी किया। नावापाराखुर्द में मेगा कैंप लगाया, जिसका बच्चों और बड़ों ने लाभ उठाया। इस दौरान सक्ती के विशेषज्ञ डॉ. समीर अग्रवाल, डॉ. बादल एक्का, डॉ. राजेश बंजारे, डॉ. प्रिया एक्का ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान कलेक्टर, जिपं सीईओ, जिला टीम व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने निक्षय मित्र बन 45 टीबी मरीजों को पोषण आहार सामग्री बांटी।

यह पहल टीबी रोगियों को पोषण सपोर्ट देने और उन्हें जल्द स्वस्थ बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल, डीपीएम कीर्ति बाड़ा, जिला नोडल डॉ. संत राम सिदार, प्रभारी जिला कार्यक्रम समन्वयक विनोद राठौर, बीपीएम अर्चना तिवारी, आरएमए दीपक तिवारी, सरिता बघेल, शिला, चिदानंद, लक्ष्मीकांत पाटले, अजीम, अर्जुन आदि स्टॉफ उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**बलौदा।** रविवार को खिसोरा के पास फोरलेन पर सड़क हादसे में बाइक सवार दुर्गा पाल श्याम (25) की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथी किरण सिंह (24) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका बलौदा स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। दोनों कनकी धाम से लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कारनुमा वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। बलौदा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मानव जन्म दुर्लभ है, मिले न बार-बार: संत रामपाल

**चांपा।** चांपा नगर के देवांगन धर्मशाला में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के एकदिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रवचनों का लाभ उठाया।



सत्संग के दौरान, संत रामपाल महाराज ने कबीर साहेब की वाणी मानुष जन्म दुर्लभ है, मिले न बारम्बार। तरुवर से पत्ता टूट गिरे, बहुर न लगता डार। के माध्यम से मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि मनुष्य का जीवन बड़े ही पुण्य कर्मों से मिलता है और इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्होंने सभी को एक पूर्ण गुरु से नाम दीक्षा लेकर शास्त्रानुसार भक्ति करने की सलाह दी, क्योंकि यही मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य है। संत रामपाल महाराज ने बताया कि सच्चा मोक्ष केवल वही भक्ति विधि दे सकती है जो वेद, गीता और अन्य पवित्र धार्मिक ग्रंथों पर आधारित हो।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य केवल आध्यात्मिक उत्थान ही नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार भी है। इस आध्यात्मिक सत्संग में पंकज दास महंत, जगतदास,मुकेश पटेल, रामानंद पटेल, चंद्रमोहन दास, राजकुमार गबेल, शांतनु चंद्रा, उमाशंकर साहू, रूपचंद बघेल, देव मधुकर, संतोष दास, भरत यादव सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सम्मानित होंगे विद्यार्थी कृष्णजन्माष्टमी पर

**मालखरौदा।** मालखरौदा झेरिया यादव समाज सक्ती जिला की बैठक रविवार को वीरभाठा चौक स्थित श्याम रेस्टोरेंट में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिवाकर यादव ने की, जिसमें विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना से हुई। बैठक में कृष्ण जन्मोत्सव पर्व को भव्य रूप से मनाने के लिए तिथियां तय की गईं। 16 अगस्त को जिला मुख्यालय सक्ती, 17 अगस्त को मालखरौदा तहसील, 18 अगस्त को हसौद तहसील, 19 अगस्त को ओड़ेकेरा(जैजैपुर तहसील) और 24 अगस्त को डभरा में कोटमी व चंद्रपुर तहसीलों के संयुक्त आयोजन की सहमति बनी। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी विचार मंच के नव-नियुक्त सक्ती जिला अध्यक्ष फलेश कुमार यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की विशेषताओं में उन छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करना शामिल है, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में 70त्न से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

इसके अतिरिक्त करमा नृत्य, रावत नाच, मटकी फोड़ प्रतियोगिता, कलश यात्रा और आकर्षक झांकियों का आयोजन भी किया जाएगा। सामाजिक एकता और अखंडता को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पारस यादव, प्रदेश महामंत्री सहनीराम यादव, जिला संरक्षक हरिप्रसाद यादव, मीडिया प्रभारी घसियाराम यादव सहित विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ पारस यादव, प्रदेश महामंत्री सहनीराम यादव, प्रदेश संगठन मंत्री रामलाल यादव, जिला संरक्षक हरिप्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष सरेश कुमार यादव, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामकुमार यादव, जिला महामंत्री रमेश कुमार यादव, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी घसियाराम यादव आदि मौजूद थे।

## जोबा आश्रम में रुद्राभिषेक और पूजा कार्यक्रम आज

**सक्ती।** धर्म सेना जिला शक्ति द्वारा आगामी 4 अगस्त को सक्ती विकासखंड के जोबा आश्रम में रुद्राभिषेक और पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए धर्म सेना के सक्रिय कार्यकर्ता रुपेंद्र गबेल ने बताया कि इस कार्यक्रम में कई प्रमुख धार्मिक और सामाजिक व्यक्तित्व शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप जूदेव और राष्ट्रीय कथा वाचिका दीदी प्रज्ञा भारती विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतिथि सुबह 10 बजे तुर्री धाम पहुंचेंगे, जहां वे बाबा भोलेनाथ के दर्शन और पूजन करेंगे।





## आगामी चुनावों की तैयारी के लिए कांग्रेस की हुई बैठक

**बाराद्वार।** संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत स्थानीय विश्राम गृह में कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें आगामी चुनावों की रणनीति, संगठनात्मक मुद्दों और पार्टी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई। इसके अलावा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने और उनका समाधान के लिए काम करने की बातें कही। बैठक में ब्लॉक प्रभारी गुलजार सिंह, प्रकाश अग्रवाल, विजय सुर्यवंशी, रामअवतार अग्रवाल, रूपनारायण साहू, डॉ. लखन राठौर, भोजराम खूंटे, कैलाश भैना, बोधीराम साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बडी संख्या में मौजूद थे।

## छग कलार समाज युवा संगठन के जिलाध्यक्ष बने जैनेन्द्र

**सक्ती।** नगर के युवा समाजसेवी और व्यवसायी जैनेन्द्र जायसवाल(दीप) को छत्तीसगढ़ कलार महासभा ने युवा संगठन का सक्ती जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर जैनेन्द्र ने कहा कि समाज ने उन पर भरोसा कर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इसका वे निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और उनकी यह पहली प्राथमिकता होगी कि समाज के युवा एकजुट होकर कार्य करें क्योंकि एकता में जो शक्ति है वो किसी और में नहीं है।

# 50 फीसदी बारिश का कोटा पूरा हुआ सावन से पहले

**जांजगीर।** इस साल जून की शुरुआत से बारिश हो रही है। 1 जून से 2 अगस्त तक 849 मिमी बारिश हो चुकी है। यह मानसून सीजन के कोटे का करीब 50 प्रतिशत से अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार 12 से 13 अगस्त के बाद मानसूनी गतिविधियां मजबूत रहने के आसार से सभी स्थानों पर समान रूप से बारिश होगी।

मानसूनी गतिविधियां मजबूत हैं। यानी खंड वर्षा की स्थिति नहीं रहेगी। हवा में नमी ज्यादातर दिनों में 60 फीसदी से अधिक रहने की संभावना है। जुलाई के बाद अगस्त ही सबसे ज्यादा बारिश वाला महीना है। इसलिए इस महीने जिले में भी अच्छी बारिश होगी।

**पहला सप्ताह-** अगस्त के पहले सप्ताह में मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। कई जगहों पर अच्छी बारिश होगी। कहीं-कहीं पर हल्की से मध्यम वर्षा के संकेत हैं। **दूसरा सप्ताह-** महीने के दूसरे सप्ताह में मानसून की गतिविधियां थोड़ी कम रहेंगी। छिटपुट बारिश होगी। इस दौरान कुछ जगहों पर अच्छी बारिश तो कहीं-कहीं पर कम वर्षा की संभावना हैं। **तीसरा सप्ताह-** अगस्त के तीसरे सप्ताह में आमतौर पर मानसूनी गतिविधियां सक्रिय होती हैं। सभी जगहों पर अच्छी बारिश होती है। जिले में अच्छी वर्षा हो सकती है। **चौथा सप्ताह-** आखिरी सप्ताह में मानसूनी गतिविधियां तेज रहने का ट्रेंड है। पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश की स्थितियां बनती हैं। माह की 20 से 30 फीसदी बारिश इसी सप्ताह होती है।



## पागल कुत्ते के हमले में 5 बच्चे घायल, एक गंभीर

**जांजगीर।** ग्राम मुलमुला में रविवार को पागल कुत्ते ने दहशत मचा दी। दोपहर के समय घर के पास खेल रहे बच्चों पर कुत्ते ने हमला कर दिया। घटना में पांच बच्चे जख्मी हो गए हैं। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में घायल बच्चे के पिता अजय साहू ने बताया कि उनका बेटा घर के पास खेल रहा था, तभी अचानक एक आवारा कुत्ता आकर उस पर झपट पड़ा और बुरी तरह काट लिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे कुत्ते से छुड़ाया। कुत्ते के हमले में बच्चे को कमर के नीचे गंभीर चोटें आई हैं। परिजन ने तत्काल उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, जहां उसका उपचार किया गया। अन्य बच्चों भी जख्मी हुई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# 25 साल से भाजपा के लिए काम कर रहे सुल्तानिया को ज्यादा सदस्य बनाने पर किया पुरस्कृत

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता अभियान 2024-25 के तहत नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास, अटल नगर में आयोजित उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह में जांजगीर-चांपा जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अमर सुल्तानिया को सदस्यता श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, उप मुख्यमंत्री अरुण सवा, विजय शर्मा, सदस्यता प्रभारी अनुराग सिंह देव सहित शीर्ष नेताओं के द्वारा यह सम्मान अमर सुल्तानिया को प्रदान किया गया।

पार्टी के प्रति पिछले 25 वर्षों से तन, मन, धन से समर्पित अमर सुल्तानिया ने न केवल सांगठनिक ढांचे को जमीनी स्तर पर सशक्त किया, बल्कि भाजपा की नीतियों और विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाने में निर्णायक भूमिका निभाई। व्यक्तिगत स्तर पर उन्होंने 3321 नए सदस्य जोड़कर संगठन को मजबूती दी। उनके नेतृत्व में जांजगीर-चांपा जिला प्रदेश के सदस्यता आंकड़ों में अग्रणी स्थान पर रहा।





सदस्यता श्री सम्मान, मिलने के बाद अमर सुल्तानिया ने कहा कि इस सम्मान हेतु जांजगीर चाम्पा विधानसभा के समस्त भाजपा पदाधिकारी, मंडल के देवतुल्य कार्यकर्ता, युवा कार्यकर्त्ता एवं समस्त क्षेत्रवासियों का भी आभार व्यक्त करता हूं। यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि आप सभी कार्यकर्ता भाई-बहनों और जांजगीर चाम्पा विधानसभा की जनता का सम्मान है।

उनकी इस उपलब्धि पर कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं और आमजनों द्वारा लगातार शुभकामनाएं दी जा रही हैं। यह सम्मान न केवल उनके कार्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है, बल्कि पार्टी संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी प्रमाणित करता है।

# खारून नदी में मिली बुजुर्ग की लाश

**बिलासपुर।** जिले के खारून नदी में बुजुर्ग की लाश मिली है। बताया जा रहा है कि वो दो दिन पहले मंदिर जाने के लिए निकला था, जिसके बाद घर नहीं लौटा। जिस पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। रविवार को उनकी लाश नदीं मिली है। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है। टीआई गोपाल सतपथी ने बताया कि रविवार दोपहर ग्राम पंधी के पास लोगों ने खारून नदी के बीच शव को देखा। इस पर वहां लोगों की भीड़ जुट गई। शव को किनारे लाकर देखने पर पता चला कि वो बुजुर्ग है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, तब उसकी पहचान नहीं हो पाई। बाद में पता चला कि शव ग्राम मोहरा निवासी रामरतन साहू (72) की है।

शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजन को मौके पर बुलाया। इस दौरान उन्होंने पूछताछ में बताया कि बुजुर्ग रामरतन बीते शुक्रवार को मंदिर जाने के लिए निकला था, जिसके बाद देर शाम तक वो घर नहीं पहुंचा। इस पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। उसकी लाश नदी में कैसे पहुंची, इसका पता नहीं चल सका है।



**पीएम रिपोर्ट पर पता चलेगा मौत कारण**

टीआई सतपथी का कहना है कि शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगा कि बुजुर्ग की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है। प्रथम दृष्टया पुलिस को शक है कि बुजुर्ग नदी में गिर कर बह गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई होगी। जिसके बाद शव बहकर ग्राम पंधी के पास पहुंच गया होगा।

## कबाड़ गोदामों की जांच, विक्रेता से दस्तावेज लेने के निर्देश

**अंबिकापुर।** शहर के कबाड़ दुकानों मे चोरी के सामानों की खरीद-फरोख्त पर लगाम कंसने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस की अलग-अलग टीम ने शहर सहित आसपास संचालित कबाड़ दुकानों की जांच की। उनके यहां रखे गए कबाड़ सहित उसके दस्तावेज खंगाले। पुलिस टीम ने दुकानदारों से लाइसेंस, रजिस्टर, खरीदी गई वस्तुओं का विवरण और ग्राहकों की पहचान से संबंधित दस्तावेज की जांच की। कबाड़ व्यापारियों को सख्त हिदायत दी है कि कोई भी सामग्री बिना पहचान और रिकॉर्ड के न खरीदी जाए, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## नशीले इंजेक्शन की तस्करी करते 3 गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शहर की गांधीनगर पुलिस ने बनारस रोड में पेट्रोलिंग के दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 120 एंपुल नशीला इंजेक्शन जब्त किया है। इसकी कीमत 1 लाख 20 हजार बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल कुमार बंजारे 30 वर्ष, मुजाहिद हुसैन 30 वर्ष व गंगाराम नायक 25 वर्ष शामिल हैं। तीनों सूरजपुर जिले के बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सिरसी के रहने वाले हैं। तीनों बनारस रोड में चठिरमा के पास बाइक में जा रहे थे। पुलिस को देखकर ये बाइक को तेज रफ्तार में चलाने लगे। इसी से पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने पीछा कर तीनों को रोका। पूछताछ में वे गोलमोल जवाब दे रहे थे। झोले की तलाशी में 120 एंपुल नशीला इंजेक्शन मिला। मामले में तीनों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर कोर्ट के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

दो दिन में दूसरी कार्रवाई गांधीनगर पुलिस ने शुक्रवार को भी एक युवक को 1200 एंपुल नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया था। इसकी कीमत 12 लाख थी। युवक यहां कॉलेज में पढ़ाई करता था। वह एक बड़े तस्कर के लिए झारखंड से इंजेक्शन लाने और दूसरे सप्लायरों तक पहुंचाने का काम करता था। इसके बाद रविवार को पुलिस ने एक ही मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।



चांपा-जांजगीर, नैला, सक्ती व जिले के शिवालयों में आज सावन के आखिरी सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

## अनमोल वचन......

याद रखना हर साथ देने वाला अपना नहीं होता।

## असली फायदा भारत को

*भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को जबरदस्त बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। लेकिन लगता है कि असली फायदा भारत को मिलने वाला है। भारत से 99 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क श्रेणियां खत्म होंगी। दोनों देशों में व्यापार 34 अरब डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच तीन साल की बातचीत के बाद इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया है। समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं बस ब्रिटेन की संसद को इसे मंजूरी की औपचारिकता बाकी है। अब भारतीय वस्तुओं के लिए सभी क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित होने की उम्मीद है।*

*व्यापार समझौते के बाद भारतीय वस्त्र, जूते, रत्न एवं आभूषण, समुद्री खाद्य और इंजीनियरिंग वस्तुओं को ब्रिटेन में बेहतर बाजार मिलेगा और कृषि उत्पादों एवं प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग को वृद्धि के नये अवसर मिलेंगे। समझौता भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, एमएसएमई क्षेत्र के लिए वरदान समान साबित होगा। ब्रिटेन में बने चिकित्सा और वैमानिकी उपकरण जैसे उत्पाद भारतीयों एवं उद्योगों तक किफायती कीमत पर पहुंच सकेंगे। दोनों देश एफटीए के साथ 'दोहरे अंशदान समझौते' (डीसीसी) पर भी आम सहमति के करीब हैं। इससे दोनों के सेवा क्षेत्र, खासकर प्रौद्योगिकी और वित्त, में नई ऊर्जा का संचार होगा। ब्रिटेन का भी भारतीय बाजार में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त मिलेगी। ब्रिटेन पहले से ही भारत से 11 अरब पाउंड का सामान आयात करता है लेकिन भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम होने से ब्रिटिश उपभोक्ताओं के लिए भारतीय उत्पादों की खरीद अधिक आसान हो जाएगी। इससे ब्रिटेन को होने वाला निर्यात बढ़ेगा। दीर्घावधि में ब्रिटेन की जीडीपी में सालाना 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी जिसका फायदा ब्रिटेन के हर क्षेत्र को होगा। ईयू छोड़ने (ब्रेक्जिट) के बाद ब्रिटेन के लिए यह सबसे महत्त्वपूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौता है। भारत के लिए भी यह अब तक का सबसे व्यापक समझौता है। ब्रिटेन और भारत के बीच निर्यात एवं आयात करने के लिए बहुत से दस्तावेज की जरूरत भी कम हो जाएगी और प्रक्रिया बहुत सरल हो जाएगी। विश्व की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच हुआ यह समझौता ब्रेक्जिट के बाद ब्रिटेन को मुश्किल से निकालेगा तो भारत को भी दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग प्रशस्त करेगा।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपके काम में तरक्की होगी, जिससे आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा, जिससे मन संतुष्ट रहेगा। आज आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें और अपने काम के ऊपर फोकस करें। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे, इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका दिन बहुत ही सहज बना रहेगा, जिससे मन को संतुष्टि मिलेगी। आज दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। आज आपकी आस्था और विश्वास बरकरार रहेगा, जिससे आप जिस भी कार्य को करेंगे, वह अवश्य पूरा होगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अगर आप किसी काम की शुरूआत या बढ़ाना चाह रहे हैं तो उससे संबंधित सलाह लेना आपके लिए फायेदेमंद रहेगा। आज प्रॉपर्टी में बिजनेस के लिए लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी और भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। आज दूसरे क्या कह रहे हैं, इस पर ध्यान दिए बिना अपने कार्यों को पूरा करें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप दिन की शुरुआत एक नए तरीके से करेंगे जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आप अपनी पुरानी गलतियों को सुधारकर आगे बढ़ेंगे और आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण घरवाले भी आपसे प्रसन्न रहेंगें।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे घर में प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आप व्यर्थ के कामों में पड़कर समय नष्ट ना करें और कुछ समय अपने स्वास्थ्य एवं मनोबल को बेहतर बनाने में व्यतीत करें। आज आप किसी काम को पूरा करने के लिए भाई की मदद लें, जिससे काम समय पर और आसानी से पूरा हो जाये।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज जीवनसाथी व परिवार जनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें , कुछ समय मेडिटेशन और आराम के लिए अवश्य निकालें। आज किसी काम को पूरा करते समय अपनों की सलाह बहुत काम आएगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल बना रहेगा। आज आत्म चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में आश्चर्यजनक और पॉजिटिव परिवर्तन देखने को मिलेगा। आज आपके किसी रिश्तेदार से आपसी रिश्ते अच्छे होंगे, जिससे मधुरता बनी रहेगी। आज आपको एक से अधिक स्रोतों से आय मिलेगी और स्वास्थ्य में चल रही समस्या से भी राहत मिलेगी। आज व्यवसाय की कुछ योजनाओं को आप फिर से शुरु कर सकते हैं, जिसमें आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ भी आपका ध्यान केंद्रित होगा। आज आप अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहें, आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आज युवाओं को किसी अनुभवी तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आज किसी काम को आप अपनी बुद्धि और विवेक से पूरा करेंगे। आज आप समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाएंगे, जो भविष्य के कार्यों में मददगार साबित होगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज विद्यार्थी तथा युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय ना रखें, जल्द ही सब ठीक होगा। आज आप नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। आज आप घर के बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आज आप वरिष्ठ सदस्यों का आदर व सम्मान करेंगे, जिससे वे आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। आज युवा वर्ग भावनाओं में आकर किसी काम में जल्दबाजी न करें और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाए। आज आप जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को प्रैक्टिकल तरीके से समझने का प्रयास करें। आज आप परिवार के सदस्यों के साथ सुखद पलों को साझा करेंगे।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहेगा। आज नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य में कामयाब होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। इस राशि के छात्रों को आज किसी विषय को समझने के लिए अपने सीनियर की मदद लेंगे। आज नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों का कार्यभार कम होने से राहत मिलेगी।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही योगदान देंगे तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। आज आप अपना पूरा ध्यान काम में लगायेंगे, जिसके आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगें।

# 'भगवा आतंकवाद' शब्द को गढ़ने वाले अब क्षमा मांगें

//प्रवीण गुगनानी//

**साध्वी प्रज्ञा जी ठाकुर को गंभीर स्थिति के कैंसर की स्थिति में भी कारावास में रखा गया, उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गईं। क्या इस पीड़ा के लिए कोई जिम्मेदार ठहराया जाएगा? क्या झूठे मुक़दमों के लिए जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय होगी? जब भगवा आतंकवाद जैसा शब्द जबरन गढ़ दिया गया था तब मैंने मेरी कांग्रेस मुक्त भारत की अवधारणा पुस्तक में लिखा था कि भगवा आतंकवाद जैसा कोई शब्द या टर्म हो ही नहीं सकता, यह एक अशब्द है जिसे हमें बोलचाल, लेखन व विमर्श से निकला फेंकना होगा। इस शब्द को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंग, केंद्र में एकाधिक विभागों के मंत्री रहे पी. चिदंबरम, तत्कालीन गृहमंत्री सुशील शिंदे और कांग्रेस ने केवल मोहरा बनकर गढ़ा था। इस शब्द के पीछे वस्तुतः तो वामपंथी छुपे हुए हैं जो प्रेत बनकर वेताल यानि कांग्रेस की पीठ पर अब भी सवार है।**

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में जब भोपाल से साध्वी प्रज्ञा जी के विरुद्ध दिग्विजय सिंह चुनाव में उतरे थे तब उन्होंने समूचे चुनाव को 'भगवा आतंकवाद' को केंद्र में रखकर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव के मध्य समाचार पत्रों में मेरा एक आलेख भी प्रकाशित हुआ था, जिसका शीर्षक था - 'भगवा आतंकवाद शब्द की अंत्येष्टि का सटीक समय'। इस चुनाव में जानता ने दिग्विजय सिंह को 'भगवा आतंकवाद' जैसा शब्द गढ़ने का यथोचित दंड दे दिया था। इस चुनाव में कम्युनिस्ट नेता सीताराम येचुरी भी भोपाल के सुंदर तालाब के किनारे पर बैठकर हिंदुत्व को मछली समझकर जाल डालकर बैठे हुए दिखे थे। उन्होंने भोपाल के ताल में एक नया शाब्दिक विष उँडेला था - हिंदू तो सदा से हिंसक रहा है। अरे, दिग्विजय जी, येचुरी जी, सहित भगवा आतंकवाद शब्द के सभी कथित नेताओं सुनो; हिंदू सदा से सहिष्णु रहा है, इतना सहिष्णु कि कई अवसरों पर इसका भूगोल और इतिहास ही बदल गया और कई अवसरों पर इस हिंदू सहिष्णुता ने हिंदूत्व के कुछ अध्यायों का समापन ही करवा दिया। यदि ऐसा नहीं होता तो, बाबर हजार मील दूर से भारत में आकर हमारे देश के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि पर बने मंदिर को नेस्तनाबूद कर बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं कर पाता। और, न ही दुर्दांत मुस्लिम शासक तैमुरलंग दिल्ली से हरिद्वार के समूचे मार्ग में हिंदू नरमुंड बिछा पाता, हिंदू हिंसक होता तो बख्तियार खिलजी भारतीय ज्ञान के प्रतीक, नालंदा को यूं आग के हवाले न कर पाता, न ही औरंगजेब काशी विश्वनाथ का मंदिर तोड़ पाता और न ही लाखों भारतीय मातृशक्ति को जौहर करने को मजबूर होना पड़ता। यदि हिंदू हिंसक होता तो गुरु गोविन्द सिंह के दोनों पुत्रों को जीवित दीवार में चुनकर मार डालने जैसी दुर्दांत घटना न हुई होती और न ही, मोहम्मद गजनवी श्रीकृष्ण जन्म स्थान को मथुरा में ध्वस्त कर कब्जा पाता। मालेगांव मामले में आए हुए निर्णय का मर्म यही है कि यदि हिंदू सहिष्णुता और उस पर हुए अत्याचारों का इतिहास और पढ़ना हो तो वे संत मतिदास को पढ़ लें, गुरु तेगबहादुर को पढ़ लें, जलियांवाला बाग़ पढ़ लें, भगतसिंह के बम फेंकने की मानवीय शैली पढ़ लें, भारत का धर्म आधारित विभाजन और उसके बाद यहां की भूमि पर मुस्लिमों की बसाहट व पाकिस्तान से हिन्दूओं का मारकाट भरा निर्वासन पढ़ लें, वे सोहरावरदी पढ़ लें, मोपला काण्ड पढ़ लें। और यदि पुराना इतिहास न पढ़ना हो 'भगवा आतंकवाद' की माला जपने वाले नेताओं को हाल ही का 'रामसेतु विध्वंस' 'भगवान राम को काल्पनिक कहने का शपथपत्र' और 'ऐन दीवाली की रात्रि पूज्य शंकराचार्य जी की गिरफ्तारी का तालिबानी आदेश' पढ़ लेना चाहिए। इन घटनाओं सहित लाखों अन्य इतिहास सिद्ध घटनाओं ने यह ब्रह्मसत्य स्थापित किया है कि हिंदू हिंसक नहीं सहिष्णु रहा है, क्षमाशील रहा है, सर्वसमावेश को, सर्वस्पर्श को आतुर व उत्सुक समाज रहा है! मालेगांव के संदर्भ में कांग्रेसी नेताओं द्वारा यह भी कहा गया था कि आतंकवादी घटनाओं में मुस्लिमों से अधिक हिंदू सम्मिलित रहते हैं। 2008 के बाद, विशेषकर 26/11 के मुंबई हमले से ठीक पहले, मालेगांव केस को आधार बनाकर कम्युनिस्ट रिमोटेड कांग्रेस्टिस्टों ने एक ऐसा नैरेटिव खड़ा किया था कि भारत में आतंकवाद को हिंदू संगठन बढ़ा रहें हैं। लेकिन यह एक वैचारिक आगजनी वाला झूठ था राजनीतिक लाभ के लिए रचा गया नैरेटिव, जिसकी कीमत निर्दोष हिंदुत्व के मासूम संतों, सैनिकों व नागरिकों ने चुकाई है। लेफ्ट-लिबरल मीडिया, कुछ स्वघोषित बुद्धिजीवी और वामपंथी इतिहासकारों ने इस नैरेटिव को खुलकर समर्थन दिया। प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल श्रीकांत पुरोहित, स्वामी असीमानंद जैसे लोग, जो राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े थे, उन्हें 'आतंकवादी' की तरह पेश किया गया, मीडिया ट्रायल चला, और तथाकथित सेकुलर ताकतों ने उनकी छवि को नष्ट-भ्रष्ट करने के प्रयास किए।

साध्वी प्रज्ञा जी ठाकुर को गंभीर स्थिति के कैंसर की स्थिति में भी कारावास में रखा गया, उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गईं। क्या इस पीड़ा के लिए कोई जिम्मेदार ठहराया जाएगा। क्या झूठे मुक़दमों के लिए जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय होगी?अब जब सच्चाई सामने आ चुकी है, तो वे चुप हैं। कोई आत्मचिंतन नहीं, कोई क्षमा नहीं। यह उनकी नैतिकता की हार है और इस देश के विवेक के लिए एक चेतावनी भी। आज की आवश्यकता है कि वे हिंदू समाज से उनके द्वारा गढ़े गए छद्म शब्दों के लिए क्षमा मांगे और उनका उत्तरदायित्व हमारा समाज तय करे। कांग्रेस नेतृत्व को अपने इस झूठे नरैटिव गढ़ने के दोष हेतु देश से क्षमा माँगनी चाहिए। मालेगांव 2008, बम विस्फोट केस में कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बाइज़्ज़त बरी कर देना एक बहुत बड़ा न्यायिक पड़ाव है। न केवल उन निर्दोषों के लिए, जिन्होंने वर्षों तक अपमान, पीड़ा और मानसिक प्रताड़ना को भोगा, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक चेतना के लिए भी एक महत्वपूर्ण मोड़ है। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में असफल रहा। अब जब न्यायपालिका ने अपना निर्णय सुना दिया है, तब समय आ गया है कि इस केस के जरिए रची गई उस सुनियोजित 'राजनीतिक कथा' का गहराई से विश्लेषण किया जाए ङ्क जिसे 'हिंदू आतंकवाद' कहा गया था। इस अभियान का मकसद स्पष्ट था – 'जिहादी आतंकवाद' से ध्यान हटाना और राष्ट्रवादी शक्तियों को कठघरे में खड़ा करना। उस समय पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, विशेषकर मुंबई हमलों, संसद हमले, और कंधार कांड जैसे मामलों ने कांग्रेस सरकार की अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित किया था। ऐसे में उन्होंने एक नया नैरेटिव गढ़ा, जिसमें कुछ राष्ट्रवादी चेहरों को आतंकवादी घोषित करके यह दिखाया जाए कि भारत में आतंकवाद केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं है। सोलह वर्षों तक झूठे मुक़दमों का सामना करने के बाद जब आरोपी बरी हो गए, तब न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं था। अब प्रश्न यह है कि क्या यह सब केवल भूल थी, या किसी बड़ी राजनीतिक साजिश का हिस्सा।

# राजनीति में भद्रता की मिसाल थे अरुण जेटली, उन पर धमकाने का आरोप लगाना घटिया राजनीति है

//नीरज कुमार दुबे//

**राहुल गांधी के बयान पर भाजपा नेता तो पलटवार कर ही रहे हैं साथ ही स्वर्गीय अरुण जेटली के पुत्र रोहन जेटली ने भी राहुल गांधी के बयान को तथ्यात्मक रूप से गलत और दिवंगत नेता की स्मृति के प्रति अनादरपूर्ण बताया है। खुद कई मामलों में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी की सारी राजनीति आरोप लगाते रहने पर ही टिकी हुई है। वह भारत में बोलें या विदेशी धरती पर, उनके संबोधनों में सिर्फ भारत की सरकार और भारत के संवैधानिक संस्थान ही निशाने पर होते हैं। राहुल गांधी पहले प्रधानमंत्री के लिए चौकीदार चोर है वाली टिप्पणी का उपयोग करते थे, मगर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई तो वह संवैधानिक संस्थानों को चोर बताने लग गये हैं। एक दिन पहले राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकाते हुए कहा था कि रिटायर हो जाओगे तब भी तुम्हें ढूँढ़ निकालेंगे और आज उन्होंने उन लोगों पर हमले शुरू कर दिये जोकि इस धरा पर अपना पक्ष रखने के लिए नहीं हैं।**



राहुल गांधी ने स्वर्गीय पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली पर जो आरोप लगाये हैं वह बेहद निचले स्तर की राजनीति है। राहुल गांधी अमीर घराने से जरूर हैं लेकिन सभ्यता के मामले में बेहद गरीब हैं क्योंकि वह यह सामान्य-सी बात भी नहीं जानते कि हमारे धर्म और संस्कृति में यही सिखाया जाता है कि स्वर्गीय व्यक्ति के प्रति कभी भी अनादर नहीं प्रकट करना चाहिए। राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि अरुण जेटली ने उन्हें धमकाया जबकि असलियत यह है कि स्वर्गीय अरुण जेटली जनवरी 2019 से ही एक तरह से बिस्तर पर थे। हम आपको याद दिला दें कि फरवरी 2019 में जब जेटली को बतौर वित्त मंत्री लोकसभा चुनावों से पहले संसद में अंतरिम बजट पेश करना था तब उनकी अमेरिका में सर्जरी होने की वजह से उनकी जगह वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। उसके बाद जेटली की जगह पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट पेश किया था।

हम आपको यह भी बता दें कि अरुण जेटली की 14 मई 2018 को किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी हुई थी और उसके बाद से वह घर से ही काम कर रहे थे। वह अपने मंत्रालय की बैठकों में भी ऑनलाइन शामिल होते थे और अत्यंत आवश्यक होने पर ही लोगों से मुलाकात करते थे क्योंकि डॉक्टरों ने उन्हें किसी से मिलने से मना किया हुआ था। ऐसे में राहुल गांधी का यह दावा कि अरुण जेटली उन्हें धमकाने गये थे ना सिर्फ सफेद झूठ है बल्कि देश के ईमानदार नेताओं में शुमार रहे व्यक्ति की छवि पर प्रहार भी है। देखा जाये तो राहुल गांधी कहने को तो कांग्रेस के लीगल कॉन्कलेव में बोल रहे थे लेकिन यहां बातें उन्होंने इल-लीगल कह दीं।

दूसरी ओर, राहुल के बयान पर भाजपा नेता तो पलटवार कर ही रहे हैं साथ ही स्वर्गीय अरुण जेटली के पुत्र रोहन जेटली ने भी राहुल गांधी के बयान को तथ्यात्मक रूप से गलत और दिवंगत नेता की स्मृति के प्रति अनादरपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा, मेरे पिता का 2019 में निधन हो गया था, जबकि कृषि कानून 2020 में पेश किए गए थे। राहुल गांधी का यह दावा समय-सीमा के हिसाब से असंभव है। रोहन ने यह भी कहा कि अरुण जेटली लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते थे और कभी भी दबाव की राजनीति नहीं करते थे। रोहन ने कहा कि वह संवाद और सहमति निर्माण में विश्वास रखते थे। यदि कोई राजनीतिक मतभेद होता भी, तो वे खुली और रचनात्मक चर्चा के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास करते थे। उन्होंने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि दिवंगत नेताओं को राजनीतिक विवादों में न घसीटें। रोहन जेटली ने कहा कि राहुल गांधी ने मनोहर पर्रिकर जी के मामले में भी कुछ ऐसा ही किया था।

इस बीच, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी के झूठ अब बर्दाश्त से बाहर हैं। वह बार-बार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का नाम अपनी कल्पनाओं से भरे बयानों में घसीटते हैं। यह दावा कि अरुण जेटली जी ने उन्हें कृषि कानूनों पर धमकाया, न सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि पूरी तरह से शर्मनाक और घृणित है। प्रमोद सावंत ने यह भी याद दिलाया कि राहुल गांधी ने स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर के मामले में भी गलत बयान दिए थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने राफेल सौदे पर झूठा आरोप लगाने के लिए पर्रिकर जी से मुलाकात का गलत अर्थ प्रस्तुत किया था। ऐसे बयान न केवल तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं, बल्कि उन नेताओं की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। बहरहाल, देखा जाये तो राहुल गांधी की यह आदत बन गयी है कि वह राजनीतिक लाभ के लिए दिवंगत नेताओं के नाम और छवि का इस्तेमाल करते हैं। यह न केवल राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ है बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अनुचित है। साथ ही ऐसे बयानों से न केवल राजनीतिक विमर्श का स्तर गिरता है, बल्कि दिवंगत नेताओं की छवि भी अनावश्यक रूप से विवादों में घसीटी जाती है। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे तथ्यों के साथ अपनी दलीलें रखें और व्यक्तिगत या मृत नेताओं पर हमले करने से बचें।

## मौसमी मार से शिक्षा प्रभावित

वैश्विक रिपोर्ट का अनुमान है कि अत्यधिक गर्मी के कारण बच्चों की स्कूली शिक्षा में डेढ़ साल तक की कमी आ सकती है। हाल के दशकों में हुई शिक्षा उपलब्धियों पर जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा है।

गर्मी, जंगलों की आग, तूफान, बाढ, सूखा, बीमारियां और समुद्र का बढता स्तर शिक्षा परिणामों को प्रभावित करता है। यूनिस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम, जलवायु संचार व शिक्षा निगरानी एवं मूल्याकंन परियोजना और कनाडाई विविद्यालय द्वारा संकलित रिपोर्ट के अनुसार बीते बीस वर्षो में चरम मौसम की घटनाओं के कारण कम से कम 75त्न समय स्कूल बंद रहे, जिससे पचास लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए।

बता रहे हैं, औसत से दो डिग्री अधिक तापमान का सामना करने वाले बच्चे औसत तापमान वाले बच्चों की तुलना में डेढ़ वर्ष कम शिक्षा प्राप्त कर पाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 में चरम मौसम की घटनाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित दस देशों में से आठ या तो निम्न या निम्नमध्य आय वाले हैं।

यूनिसेफ के अनुसार, 2024 में दुनिया भर में कम से कम 24.2 करोड़ छात्रों की शिक्षा चरम मौसम के कारण बाधित हुई। पूर्व में भी विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि छात्रों पर उस तापमान का गहरा असर होता है, जिसके वे अभ्यस्त नहीं होते। तापमान में आने वाले जबरदस्त परिवर्तन सिर्फ पढाई के समय को ही नहीं प्रभावित करते बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी असरकारक होते हैं।

जलभराव, सड़कों की दुर्दशा व परिवहन संबंधी दिक्कतों के चलते कितने छात्र स्कूल जाने से वंचित रह जाते हैं, इस पर कोई प्रमाणिक अध्ययन नहीं किया जाता। स्कूली शिक्षा व स्वशिक्षा की गुणवत्ता में भारी अंतर होता है। बावजूद इसके मौसमी मार से शिक्षा को बचाने के लिए ऐसे तरीके प्रयोग में लाने की आवश्यकता बढ़ती जा रही है, जिनकी मदद से स्वअध्ययन व इंटरनेट द्वारा पढ़ाई संभव हो सके।

भारत में स्थिति और भी इसलिए बिगड़ जाती है क्योंकि यहां ढेरों स्कूलों के पास ढंग का भवन तक नहीं है। बिजली कनेक्शन या पंखों की हालात किसी से छिपी नहीं है।

बेशक मौसम के चरम का असर शारीरिक होने के अतिरिक्त मानसिक भी कम नहीं होता। भीषण गरमी में पढ़ाई संभव नहीं होती। बल्कि मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, ध्यान केंद्रित करने, समझ व निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित होती है। चूंकि यह वैश्विक समस्या है, इसलिए बगैर देरी किए सामूहिक रूप से इससे निपटना होगा।

## तस्वीरों की दुनिया



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल में वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ के बीच सुरक्षाकर्मी सतर्कता बरत रहे हैं।



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में उफनती गंगा नदी के पानी से घिरे राजापुर क्षेत्र में लोग नाव की सवारी करते हुए।



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड के पास वार्षिक 'केदारनाथ यात्रा' के दौरान भारी वर्षा के बाद मलबे और पत्थरों से अवरुद्ध मार्ग पर लोगों को आगे बढ़ने में सहायता करते बचावकर्मी।



पहलवान वैष्णवी पाटिल, नीला, और मुस्कान नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के लिए ट्रायल के दौरान 65 किलोग्राम स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करती हुई।



पटना के एम्स अस्पताल में जेडी(यू) विधायक चेतन आनंद के कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ रेजिडेंट डॉक्टर हाथों में तख्तियां लिए प्रदर्शन कर रहे हैं।



उत्तर प्रदेश के गोंडा में इटियाथोक इलाके में पृथ्वीनाथ मंदिर के दर्शनों के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो कार पलटकर नहर में जा गिरी। इससे कार में सवार 11 लोगों की मौत हो गई।



उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के गरथा गांव में यमुना नदी के पानी से घिरे क्षेत्र में लोग।

# बिहार में उफान मार रही गंगा... भागलपुर में खतरे के निशान के पार, निचले इलाकों में बाढ़ का कहर

**भागलपुर , 04 अगस्त [एजेंसी]।**

लगातार हो रही वर्षा के कारण गंगा और उसकी सहायक नदियां उफान पर हैं, जिससे पानी खेतों और रिहायसी इलाकों में फैल रहा है। गंगा का जलस्तर बूढ़ानाथ मंदिर तक पहुंच गया है, जबकि मशानी काली मंदिर परिसर जलमग्न हो गया है। निचले इलाकों में भी पानी भरने लगा है। चांदन नदी का बांध टूटने से गोराडीह के कई गांवों में जलभराव हो गया है। कतरिया नदी के उफान से सबौर- जमसी मार्ग बंद हो गया है। भिट्ठी और सरधो गांव के आसपास पानी चारों ओर फैल गया है। खेतों के साथ-साथ अब घरों में भी पानी प्रवेश कर रहा है। ममलखा और चांचचक में कटावरोधी काम में लगे बोरे खिसक रहे हैं, जिससे कटाव और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। पशुओं की स्थिति भी गंभीर है, चारे की कमी और रहने की समस्या बढ़ रही है।नवगछिया के इस्माईलपुर-बिंद टोली में रविवार की संध्या छह बजे गंगा नदी का जलस्तर लाल निशान से 57 सेंटीमीटर ऊपर, अर्थात 32.17 मीटर पर बह रहा था। वहीं, मदरौनी में कोसी नदी का जलस्तर 30.40 मीटर पर, चेतावनी स्तर से आठ सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया। गंगा नदी के जलस्तर में भारी वृद्धि और मूसलाधार वर्षा के कारण विभिन्न स्परों और तटबंधों पर पानी का दबाव बढ़ गया है। हाल ही में स्पर संख्या नौ के पचास-छह मीटर ध्वस्त होने के बाद, स्पर संख्या आठ पर पानी का दबाव काफी बढ़ गया है।इस स्थिति को देखते हुए, स्पर संख्या आठ



पर निगरानी बढ़ा दी गई है और सुरक्षा के लिए एतियातन पेड़ आदि लगाए गए हैं। मुख्य अभियंता ई. अनवर जमील ने स्पर संख्या आठ का जायजा लिया और अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बढ़ते जलस्तर को देखते हुए स्पर संख्या नौ पर बीस हाथी पांव और स्पर संख्या आठ पर दस हाथी पांव के साथ चार-पांच गुलर के पेड़ लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, फ्लड फाइटिंग के लिए ठेकेदार को 24 घंटे तैयार रहने की हिदायत दी गई है। कार्यपालक अभियंता गौतम कुमार ने बताया कि ब्रह्मोत्तर बांध की मरम्मत कर दी गई है।कहलगांव में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और यह खतरे के निशान से 39 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच चुका है। हाल में जलस्तर 31 मीटर 40 सेंटीमीटर तक स्थिर था, लेकिन अब यह पिछले स्तर से आठ सेंटीमीटर अधिक हो गया है। बाढ़ का पानी चारों ओर फैलने लगा है, जिससे सहायक नदियां कुआ, घोघा, गेरूआ और भयाना भी उफान पर हैं। त्रिमोहन में उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय परिसर में बाढ़ का पानी फिर से भर गया है, हालांकि कक्षाओं में पानी नहीं घुसा है और पठन-पाठन प्रभावित नहीं हुआ है।पकड़तल्ला, आमापुर छोटी, मार्कण्डेय टोला, पक्कीसराय, पन्नुचक, कुशहा, साधुपुर, तोफिल अनठावन जैसे दर्जनों गांव बाढ़ से घिर चुके हैं। सैकड़ों घर चारों ओर से जलमग्न हो गए हैं। बहियार में लगी धान, मक्का, मिर्ची, अरहर जैसी फसलें डूब गई हैं। ग्रामीणों में बाढ़ का भय बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शाम छह बजे तक गंगा का जलस्तर 31 मीटर 48 सेंटीमीटर था, जिसमें दो घंटे में एक सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है।अजगैबीनाथ धाम में गंगा के जलस्तर में निरंतर वृद्धि होने के कारण प्रखंड की कई पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

निचले गांवों में बाढ़ का पानी घुसने से लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। विशेष रूप से कल्याणपुर मोतीचक और पुरानी मोतीचक के निचले हिस्सों में गंगा का पानी तेजी से फैल रहा है। कल्याणपुर मोतीचक जाने वाली एकमात्र कच्ची सड़क पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है। ग्रामीण आवश्यक कार्यों के लिए टीन से बनी नाव का सहारा लेकर जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। ग्रामीण अश्विनी कुमार मंडल ने बताया कि बरसात के दिनों में गंगा नदी उफान पर होती है, जिसका प्रभाव हर वर्ष गांव में देखा जाता है। जलस्तर बढ़ने से हम परिवार सहित सुरक्षित स्थानों पर चले जाते हैं। प्रशासन द्वारा राहत सामग्री मिल जाती है, लेकिन यह केवल सरकार की जिम्मेदारियों का निर्वहन है। यह हमारे लिए हर साल का रूटीन बन गया है। बाढ़ के कारण मकान जर्जर होते जा रहे हैं और हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है। राशन और सब्जियों की कमी के कारण भी समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ रहा है, और खेतों में पानी भरा होने से पशुओं का चारा लाने में भी कठिनाई हो रही है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि से मिरहट्टी, पैन, महेशी, तिलकपुर आदि पंचायतों में भी बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है।

## फिर साथ इकट्ठा हुआ पवार परिवार युगेंद्र-तनिष्का की सगाई में शामिल हुए शरद-अजित पवार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन के बाद कई बार ऐसे पल आए जब चाचा और भतीजा यानी अजीत पवार और शरद पवार ने एक दूसरे से मुलाकात की। अजित पवार ने कई बार कहा है कि वो राजनीतिक घटनाओं का असर पारिवारिक रिश्तों पर नहीं पड़ने देते। इसी बीच अजीत पवार ने शरद पवार के पोते युगेंद्र पवार और तनिष्ता कुलकर्णी की सगाई में शिरकत की। मुंबई में यह सगाई समारोह का आयोजन हुआ। शरद पवार और अजित पवार के अलावा, सुप्रिया सुले और रोहित पवार भी समारोह में शामिल हुए। सुप्रिया सुले ने इस अवसर पर जोड़े को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की तस्वीरें पोस्ट कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, तनिष्का और युगेंद्र, हार्दिक बधाई! आप दोनों को जीवन भर प्यार और खुशियों की शुभकामनाएं। कुलकर्णी परिवार को गर्मजोशी से भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद। जुलाई 2023 में एनसीपी का विभाजन हो गया था। पार्टी का नाम और उसका चुनाव चिन्ह घड़ी अब उपमुख्यमंत्री अजित पवार के गुट को दे दिया गया है।

# अल-अक्सा मस्जिद में इजरायल के इस मंत्री ने की पूजा इलाके में बढ़ सकता है तनाव, नेतन्याहू ने उठाया ये कदम

**यरूशलम, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

इजरायली सरकार में शामिल अति दक्षिणपंथी दल के मंत्री इत्मार बेन-गिविर ने रविवार को यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद परिसर में जाकर पूजा की। यहूदी इस स्थान को टेंपल माउंट कहते हैं और इसे अपना सबसे पवित्र स्थल मानते हैं जबकि इस्लाम में अल-अक्सा मस्जिद तीसरा सबसे पवित्र स्थल है। दोनों धर्मों के लोगों के दावे के चलते सैकड़ों वर्षों से यह स्थान अशांत बना हुआ है।बेन-गिविर के दौरे से क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है। गाजा में जारी युद्ध के बीच इजरायली मंत्री के इस दौरे की निंदा हो रही है। इस बीच इजरायली सेना ने गाजा में रविवार को खाने की तलाश में निकले 27 और लोगों को फायरिंग में मार डाला। बेन-गिविर का यह दौरा मुस्लिम जगत को उकसाने वाला और लंबे समय से बनी यथास्थिति को तोड़ने वाला माना जा रहा है।मस्जिद परिसर में लंबे समय से यहूदी पूजा नहीं करते हैं जबकि वहां पर नमाज पढ़ी जाती है। मस्जिद परिसर में इजरायल की पुलिस और सुरक्षा बल तैनात हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि बेन-गिविर के दौरे से



पवित्र स्थल के लिए बनी व्यवस्था में बदलाव नहीं होगा। बेन-गिविर वही मंत्री हैं जो गाजा युद्ध के दौरान वहां पर परमाणु बम डालने की सरकार से मांग कर चुके हैं। वह गाजा में युद्धविराम के घोर विरोधी और उस पर इजरायल के स्थायी कब्जे के पक्षधर हैं।बेन-गिविर 2021 में भी यरुशलम के पवित्र स्थल पर गए थे। तब विरोध में फलस्तीनी संगठनों और इजरायली सुरक्षा बलों के बीच लड़ाई छिड़ गई थी जो 11 दिन चली थी।

गाजा के खान यूनिस शहर में स्थित जीएचएफ के राहत वितरण केंद्र के नजदीक हुई फायरिंग में रविवार को 11 लोग मारे गए जबकि अन्य 16 लोग विभिन्न स्थानों पर मारे गए। गाजा में भूखों पर फायरिंग के विरोध में रविवार आस्ट्रेलिया में 90 हजार लोगों ने एकत्रित होकर इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन किया।विश्व में बढ़ रहे गुस्से को शांत करने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को रेडक्रास के अधिकारियों से मुलाकात कर उनसे गाजा में खाद्य सामग्री के वितरण की जिम्मेदार संभालने का अनुरोध किया।

## पीडीए पाठशाला चलाने वाले सपा नेता पर FIR, अखिलेश यादव ने नाराजगी जाहिर करते हुए ब्रिटिश राज का किया जिक्र

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश के बाद पीडीए पाठशाला अभियान शुरू कर दिया गया है। पीडीए की पाठशाला में बच्चों को ए फोर अखिलेश, बी फोर बाबा साहब, सी फोर चौधरी चरणसिंह और डी फोर डिंपल पढ़ाया गया। इस घटना को लेकर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक स्थानीय समाजवादी पार्टी नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सपा नेता के खिलाफ हुए एफआईआर पर अखिलेश यादव ने नाराजगी जाहिर की है। एसपी सिटी व्योम बिंदल के अनुसार, कल्लरपुर गुर्जर गांव निवासी मेन सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि स्थानीय सपा नेता फरहाद आलम गाडा एक पीडीए पाठशाला में बच्चों को राजनीतिक अक्षर सिखा रहे थे। शिकायतकर्ता का कहना है कि बच्चों को ए फॉर अखिलेश, बी फॉर बाबासाहेब, डी फॉर डिंपल और एम फॉर मुलायम सिंह यादव पढ़ाया जा रहा था। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कैप्शन लिखा, पढ़ाई करने पर तो अंग्रेज भी एफआईआर नहीं करते थे। भाजपा का शिक्षा विरोधी चेहरा अब जनता के सामने आ गया है।

## यूक्रेन के साथ युद्ध में भारत कर रहा रूस की मदद, तेल खरीद बंद करने के दवाब के बीच अमेरिका का बड़ा आरोप



**वाशिंगटन, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

टैरिफ वार के बीच अमेरिका ने भारत पर बड़ा आरोप लगाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक शीर्ष सहयोगी स्टीफन मिलर ने रविवार को कहा कि मॉस्को से तेल खरीदकर भारत, यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में रूस की प्रभावी आर्थिक मदद कर रहा है।उल्लेखनीय है कि अमेरिका लगातार भारत पर रूस से तेल खरीद बंद करने का दबाव बढ़ा रहा है। व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ आफ स्टाफ और ट्रंप के सबसे प्रभावशाली सहयोगियों में से एक स्टीफन मिलर ने कहा, उन्होंने (ट्रंप ने) बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि रूस से तेल खरीदकर भारत की ओर से इस युद्ध को आर्थिक मदद करना स्वीकार्य नहीं है। मिलर की यह आलोचना ट्रंप प्रशासन की ओर से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के प्रमुख साझीदारों में से एक के बारे में की गई अब तक की सबसे कड़ी आलोचनाओं में से एक है। मिलर ने फॉक्स न्यूज पर कहा, लोगों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि रूसी तेल खरीदने के मामले में भारत मूल रूप से चीन के साथ है। यह एक आश्चर्यजनक तथ्य है। मिलर ने साथ ही भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राष्ट्रपति ट्रंप के संबंधों का भी उल्लेख किया और उन्हें शानदार बताया। वॉशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने मिलर के इस बयान पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। हालांकि, भारत सरकार के सूत्रों ने शनिवार को बताया था कि अमेरिकी धमकियों के बावजूद नई दिल्ली, मॉस्को से तेल खरीदना जारी रखेगा। गौरतलब है कि रूस से सैन्य साजो-सामान और ऊर्जा उत्पादों की खरीद के परिणामस्वरूप अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने यह धमकी भी दी है कि अगर मास्को यूक्रेन के साथ कोई बड़ा शांति समझौता नहीं करता, तो वह रूसी तेल खरीदने वाले देशों से अमेरिकी आयात पर शत प्रतिशत टैरिफ लगा देंगे।

## मनी लॉड्रिंग के आरोप में एक्सिस म्युचुअल फंड का पूर्व फंड मैनेजर गिरफ्तार, 8 अगस्त तक ईडी के रिमांड पर आरोपी

**नईदिल्ली, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

दो लाख करोड़ रुपये के फंड को मैनेज करने वाले एक्सिस म्युचुअल के पूर्व फंड मैनेजर वीरेन जोशी को मनी लॉड्रिंग के आरोप में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। जोशी पर फंड मैनेजर रहने के दौरान 2018 से 2021 के बीच शेयर मार्केट में ट्रेडिंग से जुड़ी कंपनी की गुप्त जानकारी का दुरूपयोग कर 200 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने का आरोप है। गिरफ्तारी से पहले ईडी ने शुक्रवार और शनिवार को दिल्ली, मुंबई, गुरुग्राम, लुधियाना, अहमदाबाद, भावनगर, भुज और कोलकाता में छापकर अहम दस्तावेज बरामद होने का दावा है।इस मामले में जोशी को शनिवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया था और रविवार को अदालत ने उन्हें आठ अगस्त तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दो लाख करोड़ रुपये रूपये के म्युचुअल फंड का मैनेजर होने के कारण जोशी को पास कंपनी से जुड़ी काफी संवेदनशील जानकारी होती थी।उन्होंने इसी जानकारी का दुरुपयोग कर मोटा मुनाफा कमाया। इसे तकनीकी भाषा में फ्रंट रनिंग कहते हैं, जो अनैतिक और गैरकानूनी है। इसके लिए दुबई स्थित एक टर्मिनल के जरिये म्युल अकाउंट्स का इस्तेमाल किया गया। ये म्युल अकाउंट्स शेयर बाजार मं ट्रेंडिंग करने वाली कंपनियों और ब्रोकर्स ने दिये थे।जाहिर है जोशी के साथ-साथ इन कंपनियों और ब्रोकर्स ने भी कमाई की। ईडी इन सभी की कमाई का पता लगाने में जुटी है। जाहिर है काली कमाई की रकम 200 करोड़ रुपये से ज्यादा भी हो सकती है। ईडी की जांच से पता चला कि म्युल एकाउंट्स के जरिये की गई कमाई का पैसा फर्जी कंपनियों और बैंक खातों के जरिये इधर-उधर घुमाया गया। ये सभी खाते जोशी और उनके रिश्तेदारों के नाम पर थे। इन खातों में जमा 17.4 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिये गए हैं। ईडी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 2022 में सबसे पहले आयकर विभाग को इस घोटाले की भनक लगी और उसकी जांच के आधार पर मुंबई पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज की। मुंबई पुलिस की एफआईआर को आधार बनाते हुए ईडी ने मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया।

## एक सप्ताह में दो बार दिल्ली गए राजस्थान के सीएम, बड़े बदलाव के संकेत

**जयपुर।** राजस्थान की भाजपा सरकार का करीब 18 महीने का कार्यकाल पूरा होने के बाद अब मंत्रिमंडल में फेरबदल और राजनीतिक नियुक्तियों का काम अगले महीने तक होने की उम्मीद है।पिछले सप्ताह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रधानमंत्री मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। वसुंधरा की मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक सप्ताह में दो बार दिल्ली पहुंचे और उन्होंने भी पीएम, शाह के साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल.संतोष से मुलाकात की।भाजपा के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी के अनुसार अगले महीने तक राज्य मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल होगा। वसुंधरा समर्थक विधायकों को मंत्रिमंडल में स्थान मिलेगा। राजनीतिक नियुक्तियों में भी वसुंधरा समर्थकों को महत्व मिलेगा। राष्ट्रीय पदाधिकारी के अनुसार राज्य भाजपा सत्ता और संगठन की टीम में बड़ा बदलाव होगा। दो दिन पहले पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। अब पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सतीश पूनिया, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देकर विभिन्न आयोग एवं बोर्डों में राजनीतिक नियुक्ति दी जाएगी। राष्ट्रीय नेतृत्व ने सीएम से वसुंधरा सहित प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा कर राजनीतिक नियुक्तियां करने के लिए कहा है।

## यूनुस की अंतरिम सरकार ने टैरिफ कटौती के बदले अपनी रक्षा स्वतंत्रता किया सरेंडर, रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

**ढाका।** एक रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार



मुहम्मद यूनुस ने डीप स्टेट और विदेशी प्रायोजकों के साथ पिछले दरवाजे से सौदा कर अपने आपको अंतरिम सरकार के शीर्ष पर स्थापित कर लिया है। बिना किसी संवैधानिक जनादेश के यूनुस अब शासन कर रहे हैं। उन्होंने अमेरिका के साथ एक गुप्त समझौता किया है। नार्थईस्ट न्यूज ने बताया कि बांग्लादेश ने अपनी रक्षा स्वतंत्रता को सरेंडर कर दिया है।अपने प्रमुख सहयोगियों को छोड़ दिया है और एकतरफा गठबंधन पर सहमति हुई है, जो मामूली टैरिफ कटौती के बदले में राष्ट्र की संप्रभुता से समझौता है। इस टैरिफ कटौती व्यवस्था के तहत यूनुस के नेतृत्व वाले प्रशासन ने एक गुप्त समझौता किया है।यह बांग्लादेश को अपने रक्षा भागीदारों चीन और रूस से सैन्य उपकरण खरीदने पर प्रतिबंध लगाता है। रिपोर्ट के अनुसार, यह दो देशों के बीच कोई राजनयिक गठबंधन नहीं है, बल्कि रणनीतिक लचीलेपन का एकतरफा आत्मसमर्पण है, जिस पर चुपचाप हस्ताक्षर किए गए और इसे जीत बताया जा रहा है।रिपोर्ट में कई विश्वसनीय स्त्रोतों का हवाला देते हुए कहा गया है कि हाल ही में अमेरिकी प्रभारी डी एफेयर ट्रेसी एन जैकबसन ने ढाका में सशस्त्र बल डिवीजन का दौरा किया। प्रधान राज्य अधिकारी के साथ एक बंद कमरे में बैठक के दौरान जैकबसन ने कथित तौर पर अल्टीमेटम दिया है कि रूस या चीन के साथ सैन्य सौदे जारी रखने से बांग्लादेश सशस्त्र बलों के खिलाफ प्रतिबंध लग सकते हैं। यूनुस को भी ऐसी ही चेतावनी दी गई।

# रात 12 बजे, भागलपुर में 5 श्रद्धालुओं की मौत... शाहकुंड में पानी भरे गड्ढे में पलटी गाड़ी, मरने वाले सभी 24-25 साल के युवा

**शाहकुंड।** बिहार के भागलपुर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां गहरे पानी में वाहन पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई है। मरने वाले सभी 25 साल उम्र तक के युवा बताए गए हैं। मृतकों में एक 14 साल का किशोर भी शामिल है। हादसा रात बारह बजे हुआ, जब श्रद्धालुओं को अजगैबीनाथ धाम से लेकर आ रही मैजिक गाड़ी पानी भरे गड्ढे में पलट गई। पुलिस ने सूचना मिलते ही मोर्चा संभाल लिया। सभी मृतकों के शव गड्ढे से निकाल लिए गए हैं। अजगैबीनाथ धाम से गंगा स्नान कर जेठौरनाथ पूजा करने जा रहे शाहकुंड बाजार स्थित कसबा खेरही के लोगों से भरे वाहन के पानी भरे गड्ढे में पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पुरानी खेरही गांव के संतोष कुमार,



मनोज कुमार, कसबा खेरही गांव के मुन्ना कुमार, अंकुश कुमार और विक्रम कुमार शामिल हैं। घटना रात 12 बजे के करीब शाहकुंड-अजगैबीनाथ धाम मुख्य मार्ग पर महतो स्थान से 100 मीटर आगे हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे के शिकार लोगों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेजने की तैयारी चल रही है।

थाना अध्यक्ष जयनाथ शरण ने बताया कि मैजिक गाड़ी से सभी लोग गंगा स्नान के बाद अमरपुर के जेठोरनाथ पूजा के लिए जा रहे थे। महतो स्थान के समीप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में गिर गई। मृतकों में ज्यादातर की उम्र 24 से 25 वर्ष के बीच की है। एक मृतक 14 वर्ष का बताया जा रहा है। उसकी पहचान अंकुश कुमार के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि जेसीबी से मैजिक गाड़ी को निकाला जा रहा है। दो-तीन लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई है।

## उम्रकैद की सजा के बाद प्रज्वल रेवन्ना को मिला कैदी नंबर, जानें कैसी बीती जेल की पहली रात

**बेंगलुरु।** घरेलू सहायिका से दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास



की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु के परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में कैदी नंबर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह रेवन्ना को आधिकारिक तौर पर कैदी संख्या 15,528 आवंटित की गई। पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस के प्रमुख एचडी देवेगौड़ा के पौत्र रेवन्ना ने शनिवार को अदालत के फैसले के बाद जेल में पहली रात बिताई।खबर है कि वह रो रहे थे और काफी परेशान दिखाई दे रहे थे। जेल के चिकित्सकों ने शनिवार देर रात उनकी हालत स्थिर रखने के लिए उनके स्वास्थ्य का आकलन किया। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चिकित्सा जांच के दौरान वह रो पड़े और उन्होंने कर्मचारियों के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त की।प्रज्वल ने कथित तौर पर कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्होंने अपनी सजा को चुनौती देने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पूर्व सांसद को फिलहाल एक उच्च सुरक्षा वाली कोठरी में रखा गया है और उन्हें कड़ी सुरक्षा प्रदान की जा रही है।जेल अधिकारियों के अनुसार, दोषियों के लिए मानक ड्रेस कोड का पालन किया जा रहा है और उन्हें कैदियों को दी जाने वाली वर्दी पहननी होगी। प्रज्वल को शनिवार को शेष जीवन के लिए कारावास की सजा सुनाई गई थी।अदालत ने उन पर कुल 11.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और निर्देश दिया कि 11.25 लाख रुपये पीड़िता को दिया जाए, जो प्रज्वल के परिवार की घरेलू सहायिका है।

# तेजस्वी यादव के खिलाफ दीघा थाने में शिकायत, दो-दो पहचान पत्र रखने का आरोप

**पटना, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

दो वोटर कार्ड मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। चुनाव आयोग की नोटिस के बाद अब तेजस्वी के खिलाफ दीघा थाने में शिकायत दर्ज की गई है। आरके नगर निवासी एक अधिवक्ता ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ दीघा थाने में लिखित शिकायत की है। उन्होंने दो-दो मतदाता पहचान पत्र रखने पर तेजस्वी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।अधिवक्ता राजीव रंजन ने आवेदन में बताया कि तेजस्वी यादव द्वारा दो मतदाता पहचान पत्र बनवाए गए हैं। दोनों मतदान पहचान पत्र एक ही विधानसभा क्षेत्र के हैं।बता दें कि तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि बिहार की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं है। तेजस्वी के अनुसार उन्होंने जो EPIC नंबर (RAB 2916120) शेयर किया, वो रिकॉर्डस में नहीं है। इसको संज्ञान में लेते हुए चुनाव आयोग ने तेजस्वी यादव को नोटिस जारी करते हुए EPIC नंबर RAB 2916120 का विवरण मांगा है ताकि इसकी जांच की जा सके।चुनाव आयोग ने रविवार को राजद नेता तेजस्वी यादव से उस मतदाता पहचान पत्र को जांच के लिए सौंपने को कहा है, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया था कि वह उनके पास है, जबकि वह आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया गया था।बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता ने शनिवार को मतदाता पहचान पत्र संख्या जारी किया था, जिसमें दावा किया गया था कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित ड्राफ्ट में



मतदाता सूची में उनका नाम गायब है। उन्होंने यह भी कहा था कि मेरे द्वारा सार्वजनिक करने के बाद उनके मतदाता पहचान पत्र संख्या को बदला गया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र में पटना सदर के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट-सह-दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ने कहा कि हमारी प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि 2 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आपने जिस मतदाता पहचान पत्र संख्या का उल्लेख किया था, वह आधिकारिक तौर पर जारी नहीं की गई थी। इसलिए आपसे अनुरोध है कि विस्तृत जांच के लिए मूल मतदाता पहचान पत्र सौंप दें।इसके बाद राजद नेता ने आरोप लगाया कि उनका मतदाता पहचान पत्र संख्या बदली गई है, लेकिन जिला मजिस्ट्रेट त्यागराज एस एम ने इस दावे का खंडन किया। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि मतदाता सूची में जो ईपीआईसी नंबर है, वही माननीय विपक्ष के नेता ने 2020 के विधानसभा चुनावों में अपने हलफनामे में जमा किया था। अगर उनके पास किसी और नंबर वाला कोई और ईपीआईसी कार्ड है, तो यह जांच का विषय है। वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एनडीए के प्रवक्ता अजय आलोक (भाजपा), नीरज कुमार (जदयू) और राजेश भट्ट (लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास) समेत अन्य ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव पर दो ईपीआईसी कार्ड रखने के लिए मामला दर्ज किया जाना चाहिए, जिसकी अनुमति नहीं है।

## कुछ लोग छोटे पद का भी त्याग नहीं करते... सोनिया गांधी का जिक्र कर डीके शिवकुमार के क्या कहा?

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के भीतर जारी सत्ता संघर्ष की अटकलें तेज हो चुकी है। राज्य के कई कांग्रेस नेताओं का मानना है कि अब सिद्दरमैया की जगह डीके शिवकुमार को राज्य के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। इसी बीच डीके शिवकुमार ने एक बार फिर आज गांधी परिवार की प्रशंसा की।दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए उन्होंने साल 2004 का जिक्र करते हुए कहा कि जब राष्ट्रपति ने सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए कहा तो उन्होंने कहा, मेरे लिए सत्ता महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने फैसला किया कि एक सिख, एक अल्पसंख्यक और एक अर्थशास्त्री देश को बचा सकते हैं और उन्हें प्रधानमंत्री बनना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, क्या इतने बड़े लोकतंत्र में किसी ने ऐसा त्याग किया है। क्या आज कोई अपने छोटे से पद का भी त्याग करता है। पंचायत स्तर पर भी, कई लोग ऐसा नहीं करते। कुछ विधायक और मंत्री सत्ता साझा करते हैं, लेकिन हममें से कुछ लोग सत्ता साझा करने के लिए भी सहमत नहीं होते।

# आवासीय कॉलोनी से लाखों की चोरी

## चर्चा क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी की घटनाएं

**चरचा कालरी।** एसईसीएल चर्चा के सघन आवासीय कॉलोनी स्टाफ कॉलोनी में बेहद संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई लाखों की चोरी ने ने आसपास रहने वाले लोगों का अचंभित कर दिया है इसके साथ ही चर्चा पुलिस की कार्यशैली भी बेहद सोचनीय नजर आ रही है।

सूत्रों के अनुसार स्टाफ कॉलोनी के आवास क्रमांक 14 मैं कॉलरी कर्मचारी सुमित कुमार सपरिवार रहते हैं 1 अगस्त के दिन अपनी बच्ची का इलाज करने के लिए सुबह 8:00 बजे अंबिकापुर चले गए थे उनके घर में सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है जो कि मोबाइल से अटैच है मोबाइल कैमरा की चिप बल्ब में लगी हुई है अंबिकापुर में सुमित कुमार का पैतृक निवास भी है इलाज के पश्चात् अपने अंबिकापुर स्थित घर चले गए जहां रात में लगभग उन्होंने 11 बजे अपने मोबाइल को चेक किया तो घर में सब कुछ ठीक नजर आया अंबिकापुर से दूसरे दिन 2 अगस्त को वापसी के दौरान शाम 6:30 बजे के लगभग उनके घर में काम करने वाली नौकरानी ने उन्हें फोन, कर जानकारी दी कि घर का दरवाजा नहीं खुल रहा है और पीछे का भी दरवाजा बंद है ऐसा प्रतीत होता है कि घर के अंदर कोई है इस पर उन्होंने अपने समीप आवास में



रहने वाले परिचित को जानकारी दी व साथ ही चर्चा थाने को भी अवगत कराया सुमित कुमार के घर पहुंचने तक चर्चा थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच चुकी थी व किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंच गई थी घर के अंदर पूरा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था साथ ही घर में रखी अलमारी को भी तोड़ा गया था सुमित कुमार अपने घर पहुंचने के घर का अवलोकन किया तो लगभग 350000 रुपए की लागत के जेवरात, लगभग ?100000 की लागत के तीन लैपटॉप व एक स्मार्ट मोबाइल गायब थे चोरों ने घर में रखी बीपी नापने की मशीन, ड्रिल मशीन,कटर मशीन, के साथ ही किचन में रखें फल सेव आम के साथ ही काजू किशमिश पर भी अच्छी तरह से हाथ साफ कर लिया चोरों ने घर में रखी लगभग?2500 की नगदी भी पार कर दी ,चोरों का हौसला इतना ज्यादा था कि उन्होंने घर में रखी भगवान की मूर्ति को भी जमीन पर पटक दिया था भगवान की मूर्ति में चांदी से बनी गणेश जी की मूर्ति भी थी जिसे चोर ले गए इतना सब कुछ लेने के बाद भी चोरों का मन नहीं भरा तो उन्होंने घर में रखें चार लव बर्ड चिड़िया को उसके पिंजरे के साथ पार कर लिया रात ज्यादा ज्यादा हो जाने की वजह से सुमित कुमार रिपोर्ट लिखाने 3 तारीख की सुबह थाने पहुंचे तो वहां उपस्थित महिला कर्मी ने कहा कि अभी आपका आवेदन नहीं लेंगे टीआई साहब क्राइम मीटिंग में गए हुए हैं उनके आने के पश्चात ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी चोरी हुए सामानों का बिल लेकर आइए तब आपकी रिपोर्ट लिखी जाएगी बिना बिल के हम रिपोर्ट दर्ज नहीं करेंगे चर्चा थाने के प्रभारी के ना रहने पर पुलिस कर्मियों द्वारा इस प्रकार का व्यवहार करना बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण और सोचनीय है यदि थाना प्रभारी समय पर नहीं आते तो क्या कार्रवाई नहीं की जाएगी या किसी पीड़ित की रिपोर्ट नहीं लिखी जाएगी। सुमित कुमार के अनुसार उन्होंने अपने मोबाइल की जांच की तो 1 अगस्त की रात्रि 12:00 बजे के पश्चात रात्रि 2:45 पर डिवाइस ऑफलाइन बताया इसके पश्चात सुबह 5:30 बजे उनके मोबाइल में मैसेज आया कि कोई उनके चोरी गए मोबाइल में तकनीकी हेरा फेरी कर रहा है इसकी जानकारी उन्होंने पुलिसकर्मियों को दिए। विदित हो की एक माह पूर्व सुमित कुमार के आवास से चंद कदमों की दूरी पर स्थित एक अन्य कर्मचारी सुनील कुमार वर्गीस के घर से चोरों ने घर में रखी बाइक को पर कर दिया था जिसकी शिकायत उन्होंने चर्चा थाना की किंतु आज तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका चोरी की घटनाओं के क्रम में लगभग डेढ़ माह पहले विवेकानंद कॉलोनी के एक श्रमिक आवास से दिन में लगभग डेढ़ लाख रुपया की सामानों की चोरी हो गई जिसका पता आज तक नहीं लग सका है चर्चा क्षेत्र में लगातार चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं वही चर्चा पुलिस बेहद सुस्त नजर आ रही है देखना यह है कि सुमित कुमार जी के घर में हुई चोरी के प्रति चर्चा पुलिस किस तरह कार्यवाही करती है।

## सर्पदंश से मासूम भाई बहनों की हुई मौत

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज ग्राम पंचायत मितगई में मासूम भाई बहनों की सर्पदंश से मृत्यु हो गई। दोनों बच्चे जमीन में सोए हुए थे। आज सुबह 3 बजे के करीब दोनों को सांप काटा इसके बाद सुबह 6 बजे के करीब 100 बिस्तर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद दोनों को मृत घोषित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मितगई के सेमराटोला में रहने वाले सरवन आयाम के 14 वर्षीय पुत्री सोनिया एवं 8 वर्षीय पुत्र रामसाय दोनों जमीन में सोए हुए थे। इसी दौरान आज सुबह 3 बजे के करीब सोनिया के गला में एवं रामसाय के हाथ में जहरीले सर्प के द्वारा काट लिया गया। जिसके बाद ट्रैक्टर से दोनों को गांव के परसाटोला तक लाया गया। जिसके बाद वहां से टेंपो से दोनों 100 बिस्तर अस्पताल लाया गया। सुबह बजे 3 सांप ने काटा था वहीं अस्पताल पहुचने 6: बज गया था। जबकि 100 बिस्तर अस्पताल की घटना स्थल से महज दूरी 8 से 12 किलोमीटर ही होगी। 100 बिस्तर अस्पताल पहुचने पर परीक्षण कर डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित किया। घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। सांप के काटने पर घबराहट होना स्वाभाविक है लेकिन घबराहट से दिल की धड़कन तेज हो सकती है जिससे जहर तेजी से फैल सकता है तत्काल नजदीकी अस्पताल में ले जाए एवं एंटी वेनम इंजेक्शन लगवाएं। मरीज को आराम से लेटने के लिए कहे और दिलासा दे कि सब ठीक हो जाएगा काटने वाली जगह को साफकरने के बाद उसे एक साफसूखे कपड़े या पट्टी से ढक दे। झारखंड किया ओझा के पास न जाए सांप के काटने पर झाड़ भूख या ओझा के पास जाने से बचें क्योंकि इससे समय बर्बाद हो सकता है। और मरीज की जान खतरे में पड़ सकती है। जहर को चूसने की कोशिश न करें क्योंकि इससे आपके मुंह में संक्रमण हो सकता है। घाव को काटने या चीरा लगाने से बच्चे क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा में 1406 परीक्षार्थी हुए शामिल




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक की लिखित भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। परीक्षा के लिए जिले में चार परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इनमें शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय आदर्श रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय आदर्श कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय शामिल हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर कुल 1592 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 1406 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु व्यापमं के निर्देशानुसार सभी केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई थीं। जिला प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल ने समस्त तैयारियों की निगरानी करते हुए परीक्षा संचालन की सतत समीक्षा की। परीक्षा केंद्रों में अनुशासन बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी नियुक्त किए गए थे तथा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, सत्यापन, धातु डिटेक्टर जैसे उपायों से निगरानी की गई। समस्त केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें परीक्षार्थियों ने सहजता से भाग लिया।

# दूरस्थ क्षेत्रों में विकास की नई मिसाल बना बैकुंठपुर ब्लॉक

## नीति आयोग से 'सिल्वर मैडल' और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त 0 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर में किया सम्मानित

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले का बैकुंठपुर ब्लॉक आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुआ है। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आयोजित संपूर्णता अभियान में जुलाई से सितंबर 2024 के बीच पांच प्रमुख संकेतकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने पर 'सिल्वर मैडल' व प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

यह सम्मान जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा तथा सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दिया गया। शनिवार को राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों और विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की सबसे अधिक आवश्यकता है। प्रधानमंत्री जनमन योजना व धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसे कार्यक्रमों से देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य



करने वाले अधिकारियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स की सराहना की। बैकुंठपुर ब्लॉक की ओर से यह सम्मान जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्राप्त किया। गौरतलब है कि संपूर्णता अभियान के तहत छह संकेतकों में प्रदर्शन के आधार पर गोल्ड, पांच संकेतकों में प्रदर्शन के लिए सिल्वर, चार संकेतकों के लिए कांस्य और तीन संकेतकों के लिए ताम्र पदक प्रदान किए गए। बैकुंठपुर ने पांच संकेतकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक सर्वश्री सुनील सोनी, मोतीलाल साहू और गुरू खुशवंत साहेब, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, योजना सचिव अंकित आनंद, नीति आयोग के सदस्य सचिव आशीष भट्ट, सदस्य के. सुब्रमण्यम और योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की संचालक श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा, यह सम्मान न केवल गर्व का विषय है, बल्कि आगे की विकास योजनाओं को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा। हमारा लक्ष्य अगली बार सभी संकेतकों में 'गोल्ड मेडल' हासिल करना है। इसके पूर्व 31 जुलाई को बैकुंठपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक भईया लाल राजवाड़े की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को भी सम्मानित किया गया था।

## भाजपा ने जिला महामंत्री की जिम्मेदारी दी भानु प्रकाश को

**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय व बलरामपुर-रामानुजगंज के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के अनुमोदन उपरांत जिला पदाधिकारीयों की घोषणा की गई, जिसमें भानु प्रकाश दीक्षित को भाजपा जिला महामंत्री की अहम जिम्मेदारी देने पर उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा उनको जो अहम जिम्मेदारी दी गई है उसका निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करते हुए संगठन को और ज्यादा मजबूती प्रदान करने का प्रयास करेंगे। भानु प्रकाश दीक्षित ने पूर्व में बूथ कार्यकर्ता के रूप राजनीतिक जीवन की शुरुआत 2010 में करते हुए भाजपा के सक्रिय सदस्य बने तत्पश्चात भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला प्रचार प्रसार मंत्री, जिलामंत्री, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ,किसान मोर्चा जिला महामंत्री, इसके अलावा दो कार्यकाल जनपद सदस्य,जनपद उपाध्यक्ष बलरामपुर एवं 2 कार्यकाल शासकीय नवीन महाविद्यालय बलरामपुर के जन भागीदारी अध्यक्ष, जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। अब उन्हें भाजपा संगठन के द्वारा ज़िला महामंत्री की जिम्मेदारी देने पर जिले के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में काफ़ी उत्साह एवं हर्ष व्याप्त है।

## चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर और गोलबाजार थाना पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ज्योतिनगर रेलवे पटरी के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी सांतनु सिक्का 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। वहीं गोलबाजर पुलिस ने शराब भट्टी के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते आरोपी शेख शाहिद 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है।

# प्रेमाबाग मंदिर परिसर में सावन मास में श्रद्धालुओं ने सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का किया अभिषेक

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित ऐतिहासिक प्रेमाबाग मंदिर परिसर में इस वर्ष सावन के अंतिम सोमवार को भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। देवरहा बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय भव्य रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। यह आयोजन श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, और पूरे जिलेभर से शिवभक्तों के भारी संख्या में पहुंचने की संभावना है। हिंदू पंचांग के अनुसार सावन मास भगवान शिव की आराधना का सबसे शुभ समय माना जाता है। इस महीने में सोमवार का दिन विशेष रूप से शिवपूजन के लिए उपयुक्त होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस माह में भगवान शिव पृथ्वी पर अत्यधिक सक्रिय रहते हैं और अपने भक्तों की प्रार्थनाओं को सहर्ष स्वीकार करते हैं। यही कारण है कि श्रद्धालु इस महीने को उपवास, पूजा, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और पार्थिव शिवलिंग निर्माण जैसे अनुष्ठानों से भरपूर रखते



हैं। देवरहा बाबा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 5 अगस्त 2025, सोमवार को सावन के अंतिम सोमवार के शुभ अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5 बजे पार्थिव शिवलिंग निर्माण से होगी। मिट्टी से बनाए गए इन शिवलिंगों का धार्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यता है कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं और समस्त दोषों का नाश होता है। इस संबंध में देवरहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे लिए जानकारी देते हुए बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को इस कार्यक्रम मे अधिक से अधिक श्रद्धालु अपनी उपस्थिति दर्ज कराकरकार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। निश्चित तौर पर देवरहा बाबा सेवा समिति का आयोजन कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के लिए बहुत ही सराहनीय है।

## ट्रैक्टर हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

**सूरजपुर।** जिले के श्यामनगर गांव में रविवार को एक दुखद हादसे में युवक शिव नारायण सिंह की जान चली गई। यह हादसा उस समय हुआ जब खेत जोतकर लौट रहा एक ट्रैक्टर सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से शिव नारायण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। इनमें से एक को गंभीर चोटें आई हैं। हादसा प्रेमनगर थाना क्षेत्र के उमेश्वरपुर चौकी अंतर्गत हुआ। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर पर तीन लोग सवार थे और खेत से काम निपटाकर घर लौट रहे थे, तभी वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी संजय यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए प्रेमनगर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## गैस सिलेंडर चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना उरला पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए रात में घर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से तीन एचपी गैस सिलेंडर एवं एक छोटा सिलेंडर, जिसकी कुल कीमत लगभग 10,000 है, बरामद किए गए हैं। प्रार्थी ने दिनांक 30 जुलाई 2025 को अपने किराए के मकान में ताला लगाकर अपने गृह ग्राम सोरला, जिला बेमेतरा चला गया था। अगले ही दिन 31 जुलाई को सुबह 5 बजे उसके पड़ोसी सूरज यादव ने फोन पर सूचना दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है और घर का सामान बिखरा पड़ा है। प्रार्थी तत्काल अपनी पत्नी तारणी बाई साहू के साथ उरला लौटा और देखा कि उसके घर से तीन एचपी गैस सिलेंडर और एक छोटा सिलेंडर चोरी हो चुका था।

थाना उरला में अपराध क्रमांक 195/2025, धारा 331(4), 305 बी एन एस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान संदेह के आधार पर सागर प्रजापति, रवि प्रजापति एवं राजा टंडन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

# विधायक पुरंदर मिश्रा ने करवाई चार महिलाओं की घर वापसी, किया जगन्नाथ सेना का गठन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर धर्मांतरण का मुद्दा राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गया है। भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने 'जगन्नाथ सेना' नामक एक नए संगठन की शुरुआत के साथ इस मुद्दे पर बड़ा कदम उठाया है। मिश्रा ने हाल ही में धर्मांतरण कर चुकीं चार महिलाओं की 'घर वापसी' करवाई और सार्वजनिक रूप से उनके पैर धोकर, शॉल व श्रीफल भेंट कर उन्हें हिंदू धर्म में दोबारा शामिल किया। विधायक मिश्रा ने बताया कि जगन्नाथ सेना हर रविवार सुबह 9 से 11 बजे तक धर्मविरोधी गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाएगी और राज्यभर में जनजागरूकता फैलाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि उड़िया बस्तियों में धर्मांतरण की खबरें सामने आने के बाद इस संगठन का गठन किया गया है। 'घर वापसी' कार्यक्रम से पहले मिश्रा ने कुंदरापारा से मधुपिल्ले चौक तक पदयात्रा कर धर्मांतरण विरोधी जनजागरण अभियान भी चलाया। मिश्रा ने कहा कि धर्मांतरण की किसी भी सूचना को शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा और मिशनरी गतिविधियों को रोकने में यह संगठन अहम भूमिका निभाएगा। जब कांग्रेस ने सवाल उठाया कि भाजपा के पास बजरंग दल जैसे संगठन पहले से हैं, तो फिर नए संगठन की जरूरत क्यों? इस पर मिश्रा ने चुटीले अंदाज में जवाब देते हुए कहा, जब हम खाना खाते हैं तो चटनी भी होती है, जगन्नाथ सेना वही चटनी बनने का काम करेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सीबीआई जांच की शक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने की बात पूछी, तो मिश्रा ने पलटवार करते हुए कहा, जो जैसा करेगा, वैसा भरेगा। जो अपराध करेगा, उसे दंड मिलेगा। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण और उससे जुड़ी राजनीतिक बयानबाजी एक बार फिर सियासी पारा चढ़ा रही है, और जगन्नाथ सेना का गठन इस बहस को नए मोड़ पर ले जाता दिख रहा है।

## दुकान का ताला टूटा, हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर।** पुराना बस स्टेण्ड पगारिया कॉम्पलेक्स स्थित एचआरए हायर इंजीनियरिंग एसोसिएट दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हमराज भारती 35 वर्ष सतनामीपारा कांपा पंडरी का रहने वाला है। पगारिया कॉम्पलेक्स में एचआरए हायर इंजीनियरिंग एसोसिएट नाम से दुकान है। अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर लेपटाप, सीपीयू, डीवीआर, 2 नग मोबाइल और नकदी 12800 रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 61800 रुपए के आसपास बताई जा रही है। शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायपुर से जबलपुर के बीच एक नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित राज्य के कई मंत्री और विधायक उपस्थित थे।

## मोबाइल छीनकर भागने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना उरला पुलिस ने मोबाइल झपटमारी की घटना को अंजाम देकर फरार हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से वीवो कंपनी का एक मोबाइल जिसकी कीमत लगभग 30,000 है, एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्प्लेंडर को भी जब्त किया गया है। प्रार्थी ने थाना उरला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 30 जुलाई 2025 को शाम लगभग 6 बजे वह सटरन फेरोलाईस प्रा. लि. कंपनी, उरला से पैदल घर जा रहा था। रास्ते में उसने अपने दोस्त राहुल को कॉल करने के लिए जैसे ही जेब से फोन निकाला, तभी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों में से पीछे बैठे युवक ने उसका मोबाइल झपट लिया और दोनों तेजी से भाग निकले। प्रार्थी ने उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे फरार हो गए। झपटा गया मोबाइल वीवो कंपनी का था, जिसमें Jio का सिम लगा हुआ था और जिसकी कीमत करीब 30,000 बताई गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद थाना उरला की एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों मनोज ताखर एवं तोमेश वर्मा की पहचान की।

# संस्कार अग्रवाल बने अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष

**सूरजपुर।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा श्री सालासर बालाजी धाम वीआईपी रोड़ रायपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा बैठक-शपथ ग्रहण समारोह, प्रांतीय सम्मेलन-सम्मान समारोह का यह गरिमामय कार्यक्रम 27 व 28 जुलाई को प्रदेश की राजधानी रायपुर में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय भव्य सामाजिक कार्यक्रम के दौरान मंच से सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व आईएएस एवं प्रदेश के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी के साथ ही समाज के प्रमुख वरिष्ठों के हाथों सूरजपुर के नवनियुक्त युवा जिलाअध्यक्ष संस्कार अग्रवाल को अग्र कुल शिरोमणि श्री श्री 1008 महाराजा श्री अग्रसेन जी भगवान की भव्य प्रतिमा प्रदान कर मंच से सम्मानित किया गया। इस नियुक्ति और सम्मान हेतु युवा संस्कार अग्रवाल ने कहा की मुझ जैसे एक छोटे से युवा कार्यकर्ता को इतने गौरवपूर्ण सम्मान दिया गया। जिसके लिए वे पूरे छत्तीसगढ़ अग्र समाज, संभागीय अग्रवाल महासभा सरगुजा, अग्रवाल सभा सूरजपुर, मारवाड़ी युवा मंच सूरजपुर, अग्रसेन समिति सूरजपुर सहित अग्रवाल समाज की सभी सामाजिक संस्थाओं का आभार किया है विशेष रूप से सम्मेलन के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन, चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया, राकेश अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के संभागीय अध्यक्ष पवन अग्रवाल, संभागीय महासचिव सुनील अग्रवाल (बॉबी), सूरजपुर अग्रवाल सभा अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, राजेश महलवाला, मुकेश गर्ग, प्रवेश गोयल, अजय अग्रवाल(अज्जू), वरिष्ठ युवा समाजसेवी राहुल अग्रवाल(टिंकू), अंशुल गोयल बिश्रामपुर, अंकुर अग्रवाल, गौरीश जिंदल, सुमित मित्तल सहित अमित अग्रवाल चौधरी रायपुर, राजपुर जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। और कहा कि वे जल्द ही पूरी मजबूती के साथ समाज के सभी युवाओं को एक साथ जोड़ कर जिला भर में सभी जगह दौरा और बैठकों के माध्यम से अपनी प्रभावी युवा कार्यकारणी टीम 2025 की घोषणा भी करेंगे। जो समाज के साथ-साथ सभी धार्मिक व सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगी। संस्कार की इस नियुक्ति से समाज के सभी युवों में काफी हर्ष व्याप्त है।

## अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पहले मामले में सिंचाई कालोनी अभनपुर निवासी अनिल कुमार साहू 29 वर्ष ने अभनपुर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीए 9889 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम गनौद संतराम कोसले 28 वर्ष ने राखी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमजी 3658 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था।

# जेल ब्रेक : कुख्यात आरोपियों की तलाश में तीसरे दिन पसीना बहा रही पुलिस

## सुरक्षा उपायों पर फोकस

कोरबा। सरना सिंकू, चंद्रशेखर राठिया, राजू कंवर और दशरथ सिदार। ये चार नाम ऐसे हैं जिन्होंने जेल प्रबंधन के साथ-साथ स्थानीय पुलिस अधिकारियों का टेंशन बुरी तरह से बढ़ाकर रख दिया है। शनिवार की शाम बिजली गुल होने के दौरान ये चारों जेल से भाग गए थे। तब से लेकर अब तक इनकी खोज में पुलिस के अधिकारियों और कर्मियों को पसीना बहाना पड़ रहा है।

आरोपियों की खोजबीन करने के लिए पुलिस ही नहीं बल्कि साइबर सेल के अतिरिक्त गुप्तचरों को भी जिम्मेदारी दी गई है जो मेन्यूली और टेक्निकली कामकाज में जुटे हुए हैं। जिला जेल से फरार हुए इन चार आरोपियों में एक चंद्रप्रकाश राठिया रायगढ़ जिले के घरघोड़ा कमतरा का रहने वाला है जबकि तीन कोरबा जिले के हैं। दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में ये नामजद होने के बाद जेल दाखिल किए गए हैं। जेल विभाग द्वारा संचालित गौशाला में



कामकाज देखने के दौरान इन्हें जेल से भागने की प्लानिंग की और इसे परवान चढ़ा दिया। घटना दिवस को कुछ देर के बाद ही इसकी जानकारी हुई जिससे कर्मचारी से लेकर अधिकारी सख्ते में आ गए। सिविल लाइन पुलिस को इसकी जानकारी देने के बाद बहुत जल्द उच्चाधिकारियों तक बात पहुंची। आनन-फानन में खोजबीन के लिए रणनीति तैयार की गई। तब से लगातार इस तरफ काम चल रहा है। राजपत्रित अधिकारियों सहित निरीक्षक और अन्य कर्मियों को इन तीनों में शामिल किया गया है जो यहां-वहां आरोपियों की तलाश में जुटे हैं। बताया गया है अब तक कोई खास इनपुट नहीं आ सके हैं लेकिन कोशिश जारी है। पुलिस अधिकारियों ने खोजबीन के क्रम में आरोपियों के निवास स्थान के अलावा रिश्तेदारों, मितानों और उनके बेहद करीबी लोगों को टारगेट में लिया है। अन्य श्रोतों से भी पता किया जा रहा है कि वे कहां पर शरण ले सकते हैं।

स्लम इलाकों के अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर भी टोह लेने की कोशिश की जा रही है। बताया गया कि जिस अंदाज में आरोपियों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था उससे पता चलता है कि उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि कैसी हो सकती है और कैसे-कैसे आपराधिक तत्वों से उनकी नजदीकी होगी। पुलिस ने कहा कि एक चुनौती के रूप में इस मामले को लिया गया है और इसी के आधार पर सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया गया है। घटना के दूसरे दिन इस केस में पुरस्कार की घोषणा भी पुलिस की ओर से कर दी गई है।

## बसपा जोन की बैठक जांजगीर में आयोजित

कोरबा। आज बसपा जोन की बैठक जांजगीर में आयोजित की गई है। जिसमें बसपा के राष्ट्रीय नेता मनीष आनंद कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कोरबा जिले से भी फूलचंद सोनवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जांजगीर के लिए रवाना हुए हैं। इस बैठक में जिला महामंत्री जितेंद्र बंजारे, महेंद्र निराला, राजकुमारी नारंगे, राघवेंद्र मनहर सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस बैठक में सेक्टर व बूथ समिति गठित करने के संबंध में चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा। यह जानकारी बाबूलाल टंडन ने दी है।

## बिजली कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा

कोरबा। बिजली कर्मचारी संघ विद्युत मंडल पताढ़ी ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा का अभाव है। यहां पर कर्मचारी निजी चिकित्सालय में इलाज करा रहे हैं। इसी तरह छुट्टियों एवं हाजिरी का पेमेंट स्लीप पर उल्लेख होना जरूरी है। इसी तरह भूविस्थापितों को अभी तक पदोन्नत नहीं किया गया है न ही इन्हें साबुन व गुड़ दिया जा रहा है। बिजली कर्मचारी संघ के शिव पाटले व भीम चौहान ने कहा है कि सभी मांगों पर प्रबंधन को गंभीरता के साथ विचार करना होगा। खासकर भूविस्थापित लगातार प्रभावित हो रहे हैं।

## भामसं कार्यसमिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

कोरबा। भामसं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बिलासपुर में आयोजित की गई। इस बैठक में सभी संयंत्रों के महामंत्री शामिल हुए और आगे की रूपरेखा तैयार की गई। किए गए कार्यों की जानकारी भी देते हुए बताया गया कि सभी संयंत्रों में भामसं की स्थिति मजबूत है। लगातार सदस्यों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। भामसं के राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल, शरद नायर, नवरतन बरेठ, महेंद्र ठाकुर, रंजय सिंह, रमेश गुरुद्वान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सीसीटीवी कैमरा लगवाने प्रयास

कोरबा। विद्युत मंडल कालोनी में चोरी की घटनाओं व असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पार्षद राकेश वर्मा के द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की गई है। उनके द्वारा विद्युत मंडल प्रबंधन को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि कालोनी में कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी है। असामाजिक तत्व भी बाहर से आकर यहां घटनाओं को अंजाम देते हैं। प्रबंधन ने इस मामले को काफी गंभीरता के साथ लिया है। पार्षद राकेश वर्मा के साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी अधिकारियों से मुलाकात की और अन्य समस्याओं को भी प्रबंधन के सामने रखा है।

## तीन दिवसीय रुद्राभिषेक का हुआ समापन

कोरबा। शारदा विहार आवासीय परिसर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में तीन दिवसीय रुद्राभिषेक अनुष्ठान आज पूर्ण हो गया। क्षेत्र के नागरिकों ने यहां भगवान शिव के असंख्य पार्थिव तैयार किए और उनका अभिषेक किया। शिव मंदिर के पुरोहितों ने इस अनुष्ठान को संपन्न कराया। इस दौरान क्षेत्र का वातावरण धर्ममय हो उठा। कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रवासियों ने धर्म-कर्म और उनके प्रभावों को भी जाना।

## गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ की श्रृंखला पर हो रहा कार्य



कोरबा। अखिल विश्व गायत्री परिवार ने सप्त क्रांति के अंतर्गत कई प्रकार की गतिविधियों को क्रियान्वित किया है। इसके तहत गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ की श्रृंखला पर कार्य किया जा रहा है। गायत्री प्रज्ञापीठ बालकोनगर भदरापारा क्षेत्र में इस अभियान का शुभारंभ करने के साथ जन जागरण किया गया। काफी संख्या में परिव्राजक इसमें शामिल हुए। बताया गया कि गायत्री की महिमा को प्रचारित करना इसका उद्देश्य है। भारत की प्राचीन संस्कृति में धर्म तत्व की प्रधानता रही है और इसलिए लोगों में इसकी स्वीकार्यता बढ़ाई जाएगी।

## अमृत अध्यक्ष व चंद्रा सचिव बने



कोरबा। एसकेएमएस गेवरा एरिया की बैठक यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में गेवरा एरिया अध्यक्ष एल.पी.अघरिया व महामंत्री दीपक उपाध्याय उपस्थित थे। केंद्रीय कर्मशाला की नई कार्यकारिणी गठित करने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी, जिसमें अमृत साहू को अध्यक्ष व एल.पी.चंद्रा का सचिव बनाया गया। इन दोनों पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि आने वाले दिनों में संगठन और मजबूत होगा। कोयला कामगारों के सभी कार्य किए जाएंगे। सभी विभागों में जाकर लोगों से मुलाकात की जाएगी।

## सावन उत्सव में दिखा उत्साह, सभी प्रतिभागी पुरस्कृत



कोरबा। जिले के कोयलांचल क्षेत्र दीपका में टीम चरक धर्म संवाहक के तत्वावधान में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रगति नगर दीपका स्थित स्नेह मिलन भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कॉलोनी की बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधान में शामिल हुईं और सावन के उत्सव का आनंद लिया। सांस्कृतिक माहौल में छोटे-छोटे गेम्स और मनोरंजक स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और पारंपरिक त्योहारों को मिल-बैठकर मनाना है। शिक्षिका लक्ष्मी तिवारी ने बताया कि भारतवर्ष भिन्न-भिन्न संस्कृति और परंपराओं का देश है लेकिन इनमें भारतीयता की सुगंध सबसे ज्यादा है। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को लेकर विशेष काम कर रही लक्ष्मी का कहना है कि सावन उत्सव उत्साह उमंग और प्रकृति के प्रति अपने आप को कनेक्ट करने का माध्यम है। हम जब इस प्रकार के आवेदन करते हैं तो विशेष अनुभूति होती है कि हमारे नागरिक कर्तव्य क्या है और अनुकूल और प्रतिकूल स्थिति में एक दूसरे का साथ किस प्रकार से देना है।

## रेड्डी का स्वागत

कोरबा। भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के कोल इंडिया प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी के गेवरा पहुंचने पर उनका आज रामनारायण साहू ने रमेश गुरुद्वान के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। एसईसीएल में भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के बढ़ते कद व सदस्य संख्या में हो रहे इजाफा को लेकर के.लक्ष्मा रेड्डी एसईसीएल के दौरे पर हैं। आज गेवरा पहुंचने पर उनका रंजय सिंह, हिरेंद्र चंद्रा, मदन सिंह, वीरेंद्र राठौर, प्रीतम राठौर, कुलदीप कुमार, उत्तम कुलदीप, बाबू सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

## चंद्रा बने जेसीसी सदस्य

कोरबा। एचएमएस दीपका एरिया में युवा नेता अमृतलाल चंद्रा को एरिया का जेसीसी सदस्य बनाया गया है। वे इसके पहले भी जेसीसी सदस्य रह चुके हैं।

## मरीज का जबड़ा ठीक कर हेलमेट भी दिया

कोरबा। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बृजेश कुमार को डेंटल सर्जन ने सर्जरी के जरिए बेहतर कर दिया है। रुटीन चेकअप के बाद उसे डॉक्टर की ओर से हेलमेट दिया गया। इसी के साथ एक जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई।

डेंटल सर्जन सरफराज अली ने बताया कि कुछ समय पहले ही बृजेश कुमार का सड़क दुर्घटना में जबड़ा फैक्चर हो गया था। परिजन के द्वारा पीड़ित को उनके पास लाया गया। परीक्षण करने के साथ उसे चिकित्सा दी गई। स्वास्थ्य लाभ करने की सलाह मरीज को दी गई थी। डॉक्टर ने बताया कि आप मरिज बेहतर स्थिति में है और उसके दोनों जबड़े सेट हो चुके हैं। फाइनल चेक अप के लिए मरीज डॉक्टर सरफराज से मिला। जिस पर उन्होंने अच्छी स्थिति के लिए संतोष जताया और उपहार के तौर पर एक हेलमेट दिया। डॉक्टर का कहना है कि अगर घटना वाले दिवस में हेलमेट पहना रहा होता तो इस तरह की स्थिति नहीं आती। एक प्रकार से यह घटना लोगों को जागरूक करती है कि दुपहिया की सवारी करने के दौरान हेलमेट जरूर लगाए। ऐसा करने से आप सुरक्षित रह सकते हैं।



## मशरूम के प्रति बढ़ी लोगों की दीवानगी

कोरबा। यहां के बाजार में पैरा पुटू, जंगली पुटू सहित कई प्रजातियां इन दिनों उपलब्ध हैं। इनके चाहने वालों में छोटे-बड़े सभी शामिल हैं। मशरूम की कीमतों से लोगों का कोई लेना-देना नहीं है।

## आवारा तत्वों से कांप रही चौपाटी

कोरबा। शहर की चौपाटी असामाजिक तत्वों का कब्जा बढ़ता जा रहा है। इस जगह पर आए दिन मारपीट की घटनाएं होना आम बात हो गई है। नशाखोरों की हरकतों से इस इलाके का वातावरण प्रदूषित हो रहा है और कारोबार करने वालों की चुनौतियां बढ़ रही हैं। नशेड़ियों की मनमानी से दुकानदार और आम नागरिक दोनों परेशान हैं। कोरबा की चौपाटी जहां शाम होते ही लोगों की भीड़ उमड़ती है, अब असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बनती जा रही है। नशे में धुत युवक आए दिन हंगामा करते हैं, जिससे आसपास के दुकानदारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## औषधीय पौधे दिए लोगों को पतंजलि समिति ने

कोरबा। पतंजलि योगपीठ के सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस कोरबा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति द्वारा महानदी कॉम्प्लेक्स स्थित पतंजलि चिकित्सालय के सामने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर औषधीय महत्व के हजारों पौधों का वितरण किया गया। वितरण किए गए पौधों में गिलोय, आंवला, नीम, तुलसी, घृतकुमारी (एलोवेरा), भइनिम (भीमसेनी कपूर), मुनगा (सहजन) सहित 50 से अधिक प्रजातियों के औषधीय पौधे शामिल थे। लोगों में इन पौधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य रहा।

कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित डॉक्टर नागेंद्र नारायण शर्मा एवं उनकी टीम की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने लोगों को पौधों की उपयोगिता



और औषधीय लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आम नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि पतंजलि योग समिति वर्षों से योग, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर जन-जागरूकता का कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा के अलावा श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड़, संरक्षक सुधीर सक्सेना, नेत्रनन्दन साहू, अश्वनी बुनकर, अरुण मानिकपुरी, धीरज तंबोली, कुश गुप्ता, मनीष कौशिक, कमल धारिया, देवबली कुंभकार, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, चक्रपाणि पांडेय, कमला कुंभकार, सुलोचना यादव, सिमरन जायसवाल, देवबलि कुंभकार एवं पंचकर्म टैकनीशियन राजकुमार पटेल तथा रत्ना बरेठ ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा सभीने मिलकर सर्वे भवन्तु सुखिन: की प्रार्थना के साथ सबके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की ।

## भाजपाई कांवर लेकर नागेश्वर मंदिर रवाना

कोरबा। आज दीपका नगर मंडल के भाजपाई चौक पर एकत्रित हुए और कांवर लेकर रैनपुर नागेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुए। इस दौरान राजू प्रजापति, गुलशन ध्रुव, धरम तिवारी, हरीश थरवानी, सूर्यप्रकाश शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। बरपाली नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कनकीधाम पहुंचकर साफ-सफाई अभियान चलाया। जबकि आज सर्वमंगला मंदिर में भाजपाईयों के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में कोसाबाड़ी नगर मंडल के राजेश राठौर, पुनीराम साहू, राकेश वर्मा, रमा मिरी, मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह, सुभाष राठौर, दिनेश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। छुरी के भाजपा कार्यकर्ता भी आज पूर्व पार्षद रमेश श्रीवास, डिकैत डोंगरे के नेतृत्व में शंकरगढ़ मंदिर पहुंचकर जल चढ़ाया। पिछले दिनों कोरबा नगर मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में कनकीधाम पहुंचकर जल से अभिषेक किया था।

## सेंट जेवियर स्कूल के छात्रों ने जाने यातायात नियम



कोरबा। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। कोरबा के सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत सेंट जेवियर स्कूल पहुंचकर पुलिस ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी।

ट्रैफिक डीएसपी डीके सिंह के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस की ओर से लगातार लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। सेंट जेवियर स्कूल में इसी श्रृंखला में कार्यक्रम किया गया। सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर और उनकी टीम ने यहां पर उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद किया गया। ट्रैफिक रूल्स का लोगों के जीवन में महत्व क्या है इसे बेहतर तरीके से समझाया गया। हाईवे से लेकर आम रास्ता पर आवागमन के दौरान किस प्रकार से ट्रैफिक रूल्स उपयोगी साबित होते हैं इस बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ पुलिस ने यह भी बताया कि जिंदगी आपको मौका नहीं देती है इसलिए लापरवाही का प्रदर्शन करने से बचा जाए। स्कूल प्रबंधन ने ट्रैफिक पुलिस के इस अभियान की प्रशंसा की ।









# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में

## छत्तीसगढ़ के रेल विकास को मिल रही डबल इंजन की रफ्तार



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

### रायपुर-जबलपुर (गाड़ी संख्या 11701/11702) एक्सप्रेस शुभारंभ

**पर्यटन, व्यापार और शिक्षा** को मिलेगा नया आयाम

### 16 वर्षों में (2014 से 2030) रेल लाइन का दुगना होगा विस्तार

पिछले 161 वर्षों में (1853 से 2014) तक मात्र **1100 किमी रेल लाइन का हुआ विस्तार**

### राज्य में रेल विकास के लिए ऐतिहासिक बजट

- 10 वर्षों में रेल बजट में 22 गुना वृद्धि
- वर्ष 2025-26 में **₹6,925 करोड़** का ऐतिहासिक आवंटन

### स्वीकृत नई रेल परियोजनाएँ


- **₹47,447 करोड़** की रेल परियोजनाएँ प्रगति पर
- खरसिया-नवा रायपुर-परमालकसा: 278 किमी - **₹7,854 करोड़**
- गेवरा-पेंड्रा: 155.379 किमी - **₹7448.52 करोड़**
- रावघाट-जगदलपुर: 140 किमी - **₹3,513 करोड़**
- खरसिया-धरमजयगढ़ नई रेल लाइन: 162.5 किमी - **₹3,438.39 करोड़**
- बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन: 206 किमी - **₹2,135.34 करोड़** (छत्तीसगढ़: 153 किमी, ओडिशा: 53 किमी)
- उरगा-धर्मजयगढ़: 62.5 किमी - **₹1686 .22 करोड़**
- सरदेंगा-भालमुड़ा: 37 किमी - **₹1,282 करोड़**
- बोरिडांड़-अंबिकापुर डबलिंग: 80 किमी - **₹776 करोड़**
- केंद्री-धमतरी एवं अभनपुर-राजिम गेज परिवर्तन: 67.20 किमी - **₹544 करोड़**
- 37 किमी दुर्ग-रायपुर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग - **₹88 करोड़**
- 2014 से अब तक **148 रेल फ्लाईओवर और अंडरपास** का हुआ निर्माण
- छत्तीसगढ़ राज्य में **100% रेल नेटवर्क** का विद्युतीकरण
- अभनपुर-मंदिर हसौद सेक्शन में **नई MEMU ट्रेन सेवा प्रारंभ**
- **1,103 किमी** से अधिक की नई रेल परियोजनाएँ
- बिलासपुर-राजनांदगांव चौथी लाइन: **178 किमी**
- दल्लीराजहरा-रावघाट - **95 किमी**

### अमृत भारत योजना अंतर्गत ₹1680 करोड़ की लागत से 32 रेलवे स्टेशनों का का पुनर्विकास

- रायपुर **₹456 करोड़** | बिलासपुर **₹435 करोड़** | दुर्ग **₹463 करोड़**

### फाइनल लोकेशन सर्वे (FLS)

- धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा: 301 किमी - **₹16,834 करोड़**
- अंबिकापुर-बरवाडीह: 200 किमी - **₹9,718 करोड़**




S-44768/94

## प्रदेश की 3 करोड़ जनता की ओर से

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का हृदय से धन्यवाद**

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com